ज्ञानामृत

आलसी सुखी नहीं हो सकता,
निद्रालु ज्ञानी नहीं हो सकता, मम्त्व
रखनेवाला वैराग्यवान नहीं हो सकता और
हिंसक दयालु नहीं हो सकता।
▸▸ भगवान महावीर

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, सोमवार, 02 मार्च 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 63 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## अमेरिका की ईरान पर बड़ी कार्रवाई, बमवर्षक बी-2 बॉम्बर से की एयरस्ट्राइक

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

इजराइल और अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। रविवार को अमेरिका ने ईरान पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बमवर्षक बी-2 बॉम्बर से की एयरस्ट्राइक की। इजराइली वायुसेना के हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। ईरान ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं।

## बेटी-दामाद, बहू-पोती सहित 40 कमांडर भी मारे गए



### खामेनेई के बाद अलीरेजा अराफी को मिली अंतरिम कमान

अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान में अंतरिम नेतृत्व की व्यवस्था लागू कर दी गई है। अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को अंतरिम नेतृत्व परिषद में न्यायविद सदस्य नियुक्त किया गया है। परिषद के प्रवक्ता मोहसेन देहनावी ने बताया कि स्थायी उत्तराधिकारी चुने जाने तक यह निकाय सर्वोच्च नेता की जिम्मेदारियां संभालेगा। ईरान के संविधान के अनुच्छेद 111 के तहत राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल का एक सदस्य मिलकर यह दायित्व निभाते हैं, जब तक विशेषज्ञों की सभा नया सर्वोच्च नेता नियुक्त न कर दे।

## ईरान बोला- खतरनाक बदला लेंगे

### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया।

### ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की हवाई हमले में मौत का दावा

ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की मौत का दावा किया गया है। यह दावा ईरान की लेबर न्यूज एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। माना जा रहा है कि उनकी मृत्यु कथित तौर पर रविवार को हुए एक हवाई हमले के कारण हुई है।

### 48 ईरानी नेता मारे गए, 9 नौसैनिक जहाज नष्टः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि इन हमलों में 48 ईरानी 'नेता' मारे गए हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के 9 नौसैनिक जहाजों को नष्ट कर समुद्र में डुबो दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इनमें कुछ बड़े और अहम जहाज भी शामिल हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि बाकी जहाजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ईरान की ओर से भी इस पर कोई तत्काल बयान सामने नहीं आया है।



### यूएई में कम से कम तीन की मौत, 58 घायल

शनिवार को ईरानी मिसाइल हमले शुरू होने के बाद से यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) में कम से कम तीन लोग मारे गए हैं और 58 अन्य घायल हो गए हैं। अमेरिका और इस्राइली सेना के हमलों के जवाब में ईरान ने जवाबी कार्रवाई की। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 165 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगा। इनमें से 152 को नष्ट कर दिया गया। दो क्रूज मिसाइलों को भी इंटरसेप्ट किया गया। कुल 541 ईरानी ड्रोन में 506 को इंटरसेप्ट करके नष्ट किया गया। ईरान के तरफ से किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई।



### पोप लियो ने हिंसा रोकने की अपील की

अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद पोप लियो ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि हालात खतरनाक दिशा में जा रहे हैं और हिंसा को तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों से कहा कि वे जिम्मेदारी लें और इस बढ़ती हिंसा को रोकें, वरना हालात और बिगड़ सकते हैं। पोप ने कहा कि शांति हथियारों और धमकियों से नहीं, बल्कि समझदारी और बातचीत से आती है।

### भारत में इजराइल के राजदूत बोले- हमला अभी भी जारी

भारत में इजराइल के राजदूत रियूवेन अज़ार ने जारी संघर्ष पर कहा कि हालात अभी भी जारी हैं और ईरान अलग-अलग लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा- हम अभी भी इस प्रक्रिया में हैं। जैसा आपने देखा होगा, ईरानी शासन अभी भी क्षेत्र के अलग-अलग ठिकानों, जिनमें इजरायल भी शामिल है, पर हमला करने में सक्षम है।

**ईरान ने कुवैत पर 97 मिसाइलें और 283 ड्रोन दागे...** कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि ईरान ने उस पर 97 बैलिस्टिक मिसाइलें और 283 ड्रोन दागे है। कुवैती एयरफोर्स ने कई मिसाइलों और ड्रोन को इंटरसेप्ट किया। लेकिन कुछ इलाकों में मलबा गिरने से नुकसान और घायल होने की खबरें हैं।


### ईरान ने शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4

## अमेरिका के सबसे घातक विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन पर ईरान ने दागी मिसाइलें

अमेरिका और इस्राइल के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाते हुए चार बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। यदि यह दावा सही साबित होता है तो दशकों बाद किसी अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर सीधा हमला माना जाएगा। जबकि अमेरिका से इस खबर को खारिज कर दिया। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत अमेरिका और इस्राइल के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी हैं। इसी अभियान के दौरान अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन पर चार बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। यह बयान ईरानी समाचार एजेंसी के जरिए जारी किया गया। हालांकि अमेरिका की ओर से अभी तक इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। आईआरजीसी ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बलों की कार्रवाई अब नए चरण में प्रवेश कर चुकी है। संगठन के अनुसार अब जमीन के साथ-साथ समुद्री मोर्चे पर भी हमले तेज किए जाएंगे। बयान में कहा गया कि अमेरिकी और इस्राइली लक्ष्यों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और क्षेत्र में सैन्य दबाव बढ़ाया जाएगा।

### खामेनेई की मौत पर भड़का रूस

## मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघनः पुतिन



अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रोमलिन ने जारी किया है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया।

### ईरान के समर्थन में चीन

## कहा- संप्रभु देश में नेता की खुलेआम हत्या मंजूर नहीं

खामेनेई के मारे जाने के बाद चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरान का समर्थन किया। उन्होंने रविवार को कहा, ईरान पर अमेरिका और इस्राइली हमले मंजूर नहीं हैं। उन्होंने तुरंत सीजफ़ायर और बड़े क्षेत्रीय संघर्ष को रोकने के लिए बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करते हुए कहा कि एक संप्रभु देश में नेता की खुलेआम हत्या सरासर गलत है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से आई सूचना के मुताबिक, वांग ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी फोन पर बात की। चर्चा के दौरान वांग ने लावरोव से कहा, 'एक संप्रभु नेता की खुलेआम हत्या' और शासन बदलने के लिए देश के लोगों को उकसाना 'मंजूर नहीं है।' वांग के इस बयान को चीन का ईरान को समर्थन माना जा रहा है।

### पाकिस्तान में बवाल

## इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन, 12 की मौत

पाकिस्तान के कराची शहर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत के विरोध में हुए भीषण प्रदर्शन में कम से कम 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह हिंसा मुख्य रूप से शिया समुदाय के प्रदर्शनकारियों द्वारा की गई, जो बड़ी संख्या में एमटी खान रोड पर जमा होकर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च कर रहे थे। स्थानीय मीडिया और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दूतावास के बाहर अराजकता के दृश्य दिखे। दरवाजे-खिड़कियां तोड़ी गईं, आग लगाई गई, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और प्रदर्शनकारियों ने लाठियों से गार्ड क्षेत्र पर हमला किया। कई इलाकों में ऐसे विरोध प्रदर्शन हुए हैं। गिलगिट क्षेत्र के स्कार्दू में भी संयुक्त राष्ट्र ऑब्जर्वर ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए।

## भारत में खामेनेई की मौत पर प्रदर्शनः कश्मीर में कई जगह विरोध, भोपाल में प्रदर्शन; सड़कों पर शिया समुदाय के लोग

अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद भारत के शिया समुदाय में शोक और आक्रोश की लहर देखी जा रही है। भोपाल के करोंद स्थित शिया मस्जिद में जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। फतेहगढ़ इमामबाड़े के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। मौलाना जहीर अब्बास और इमाम बाकर हुसैन ने खामेनेई को जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वाली शख्सियत बताते हुए श्रद्धांजलि दी। कश्मीर और लखनऊ सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारे लगाए और ईरान के समर्थन में मार्च निकाले। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाई अलर्ट जारी कर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शांति बनाए रखने की अपील की। दिल्ली के ओखला विहार में भी विरोध प्रदर्शन हुआ, जहां डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ नारे लगाए गए। अजमेर और कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में तीन दिन का शोक घोषित किया गया। इस बीच दुबई में फंसे भारतीय श्रद्धालुओं की वापसी को लेकर चिंता जताई गई है। कुल मिलाकर देश के कई हिस्सों में शिया समुदाय ने खामेनेई के प्रति समर्थन और हमलों की निंदा व्यक्त की है।

## बाजारों में उथल-पुथल की आशंका, बढ़ सकते है सोना-चांदी और तेल के दाम

अमेरिका और इजराइल के हमले में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबरों के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता की आशंका बढ़ गई है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है और रणनीतिक 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद होता है, तो कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारत अपनी जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें करीब आधा होर्मुज मार्ग से आता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि सप्लाई घटने पर ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100-120 डॉलर तक पहुंच सकता है। ऐसे में दिल्ली में पेट्रोल 95 रुपये से बढ़कर 105 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88 से 96 रुपये तक जा सकता है। हालांकि अंतिम कीमतें तेल कंपनियों के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकारों की कर नीति पर निर्भर करेंगी।




कीमतों में उछाल की स्थिति में सरकार टैक्स में कटौती कर बोझ कम करने का विकल्प चुन सकती है। कमोडिटी विशेषज्ञों का मानना है कि अनिश्चितता बढ़ने पर सोना 1.60 लाख से 1.90 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है, जबकि चांदी 3.50 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है। शेयर बाजार में भी दबाव दिख सकता है। विश्लेषकों के अनुसार सेंसेक्स में करीब 1300 अंक और निफ्टी में 300 अंक तक की गिरावट संभव है, क्योंकि संकट के समय निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं।

### युद्ध के बीच ओपेक देशों ने बढ़ाया तेल उत्पादन

ईरान में बमबारी और जवाबी कार्रवाई के दौरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों से पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात बेहद तनावपूर्ण हो चुके हैं। इसी बीच तेल का उत्पादन करने वाले देशों के समूह- ओपेक ने उत्पादन बढ़ाने का ऐलान किया है। ओपेक देशों के समूह में -8 (वॉलंटरी आठ) ग्रुप ने कहा है कि बदले हुए हालात में प्रतिदिन 2,06,000 बैरल प्रति दिन के उत्पादन समायोजन ('प्रोडक्शन एडजस्टमेंट') पर सहमति बनी है। इन देशों के समूह में सऊदी अरब और रूस जैसे तेल उत्पादक देश भी शामिल हैं। बयान के मुताबिक 'यह एडजस्टमेंट अप्रैल में लागू किया जाएगा।'

### भारत वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में




## वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, अब 5 मार्च को इंग्लैंड से मुकाबला

**कोलकाता, एजेंसी।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज (40) और जेसन होल्डर (नाबाद 37) ने अहम योगदान दिया, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट झटके।

### कबीर मठ में आयोजित फाल्गुन महोत्सव में मुख्यमंत्री की घोषणाएं

# भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है कबीर मठ नादिया : साय

**विजय मत, ब्यूरो राजनांदगांव**

राजनांदगांव जिले के नादिया स्थित ऐतिहासिक कबीर मठ में आयोजित फाल्गुन महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मठ परिसर के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कबीर मठ नादिया में एक विशाल डोम और मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि फाल्गुन महोत्सव के व्यवस्थित आयोजन के लिए राज्य बजट में विशेष प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नादिया मठ छत्तीसगढ़ के कबीरपंथी अनुयायियों के लिए सर्वोच्च आस्था का केंद्र है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाला सशक्त आध्यात्मिक केंद्र है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं और राज्य सरकार इन मूल्यों को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कबीर मठ नादिया केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है। राज्य सरकार इस पवित्र स्थल को सुविधासंपन्न और आकर्षक स्वरूप देने के लिए ठोस कदम उठाएगी, ताकि संत कबीर की वाणी और विचारों का संदेश देश-दुनिया तक और प्रभावी ढंग से पहुंच सके। नादिया गांव का यह प्राचीन कबीर मठ वर्ष 1824 में दानवीर भक्त मंगतू ठाकुर के सहयोग से स्थापित हुआ था। तब से पिछले दो सौ वर्षों से यहां फाल्गुन महोत्सव की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि संत सेवा साहेब ने इस मठ की स्थापना कर इसे कबीरपंथ के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनाया। उन्होंने मंगतू ठाकुर के त्याग और योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी भूमि और सर्वस्व मठ के लिए समर्पित कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण और विकास राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मठ के कायाकल्प से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आसपास के गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार विरासत को विकास से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। फाल्गुन महोत्सव में कबीर साहेब के उपदेश, भक्ति संगीत, प्रवचन और सामूहिक सत्संग के माध्यम से भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। पूरा परिसर कबीर साहेब के भजनों और साखियों से गुंजायमान रहा। मुख्यमंत्री की उपस्थिति से इस बार महोत्सव को विशेष महत्व मिला। कार्यर्र म में प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय और पूर्व महापौर मधुसूदन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। संतों के सान्निध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### महाराष्ट्र के नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

**नागपुर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया। हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### होली पर 4 मार्च को मदिरा दुकान रहेगा बंद, मदिरा भंडारण, विनिर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रतिबंध

**विजय मत/सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने आदेश जारी कर होली पर्व के अवसर पर 04 मार्च 2026 (जिस दिन रंग खेला जाएगा) को 1 दिवस हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने होली के दिन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मदिरा शुष्क दिवस का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे देशी मदिरा दुकान (सीएस-2 घघ), कंपोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकान (एफ.एल-1 घघ कंपोजिट), दुकानों एवम मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 (ग- अहाता), सीएस 2 (ग- कंपोजिट अहाता), एफ एल 1 (ख- अहाता) पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान जिले में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार जैसे विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण और परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शराब रखने और बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय उड़नदस्तों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### होली पर्व शांतिपूर्वक ढंग से मनाने चारामा थाने में बैठक आयोजित

**विजय मत/चारामा।** अंचल में होलिका दहन एवं होली पर्व को शांति पूर्वक ढंग से मनाने के उद्देश्य से चारामा थाने में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार हेमलता सलाम,नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज,पार्षद मंजू सोनकर,रानू कमलेश सेन,संदीप मेश्राम,व्यापारी जुगल किशोर खत्री,यासीन नूरानी,महेश भोजवानी,महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू सिन्हा,भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, अमृत देवांगन,भुनेश्वर चौहान,कोमल सोनकर सहित थाना स्टाफ व पत्रकार शामिल हुए। जहां पर बैठक मे उपस्थित अधिकारियों के द्वारा नगर के सभी लोगों से इस पर्व को समाजिक सौहार्द्र के साथ शांति ढंग से मनाने की अपील की गई।

### मोटर स्टैंड एवं बनियापारा वार्ड में पेंशन एवं डीएलसी शिविर का आयोजन

**विजय मत/धमतरी।** नगर निगम द्वारा मोटर स्टैंड वार्ड एवं बनियापारा वार्ड में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही की गई।


# नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के कार्यकारिणी पहली बैठक संपन्न

## गांव-गांव कांग्रेस का अभियान, जनविरोधी नीतियों पर होगा खुला प्रहारः नवीन जायसवाल

**विजय मत/कवर्धा**

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम की प्रथम जिला कार्यकारिणी बैठक नवीन जायसवाल के अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जी तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । टीम विस्तार के बाद आयोजित इस बैठक में जिले के सभी 8 ब्लॉकों एवं विभिन्न समाजों को प्रतिनिधित्व देकर संगठनात्मक एकजुटता का मजबूत संदेश दिया गया एवं सभी पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि संगठन को मजबूत कर एकता के साथ मिलजुलकर कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुचायेंगे ।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान करते हुए जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब संगठन केवल नाम का नहीं, काम का होगा। हर पदाधिकारी को मैदान में उतरना होगा, गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक कांग्रेस की ताकत दिखानी होगी। निष्क्रियता और औपचारिकता के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकरिणी में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंशा अनुरूप ज्यादा से ज्यादा युवाओ को स्थान दिया गया है ताकि युवा नेतृत्व आगे आ सके ।



उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में वार्ड अध्यक्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत अध्यक्षों की शीघ्र नियुक्ति कर संगठन को अंतिम पंक्ति तक सक्रिय किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम तैयार कर जनता की आवाज बुलंद की जाएगी। जायसवाल ने दो टूक कहा कि जनता के अधिकारों पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। आने वाले समय में गांव-गांव जाकर जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा और आम जनता के हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी।

बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि आने वाले 2028 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य मानते हुए अभी से संगठन को चुनावी मोड में लाया जाएगा और कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से रणनीति लागू की जाएगी।

बैठक में जिले के कार्यकरिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और एकजुटता से काम करने का संकल्प लिया ।

### केकेपीएल टूर्नामेंट मे लवन टीम उपविजेता घोषित

**लवन।** राजधानी रायपुर के सुभाष स्टेडियम में 24 से 27 फरवरी आयोजित केकेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट लवन की महाकाल टीम ने बिलासपुर की टीम को कड़ी टक्कर देते हुए उपविजेता का किताब जीता इस मैच में छत्तीसगढ़ के रायपुर की तीन टीम राजनादगांव जगदलपुर झारसुगुड़ा सहित आठ टीमों ने भाग लिया। लवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपना स्थान बनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन रायपुर आर्शीवाद भवन शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा सचिव राजीव दीक्षित एवं युवा टीम के सदस्यो की मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। लवन में उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का अभिज्ञान ज्वेलर्स में समाज के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मान किया गया।

### अवैध गांजा सप्लाई व बिक्री करने वाला आरोपी अभय दास को पखांजूर पुलिस ने किया गिरफ्तार

# होली त्यौहार से पूर्व पखांजूर पुलिस एक्टिव, अवैध गांजा सप्लाई व बिक्री करने वाला आरोपी अभय दास को पखांजूर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत/कांकेर**

निखिल राखेचा (भापुसे) पुलिस अधीक्षक कांकेर की पहल पर संपूर्ण जिले में नशे के खिलाफ विशेश अभियान 'ऑपरेशन उजियारा' प्रारंभ किया गया है। श्री राकेश कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर के मार्गदर्शन में श्री रवि कुजूर स्ष्ठह्रक्क पखांजूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में 'ऑपरेशन उजियारा' अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध पखांजूर क्षेत्र लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 28.02.2026 को पखांजूर पुलिस को मुखबीर सूचना मिला कि एक व्यक्ति काले रंग के मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक ष्टत्र 19 क्क्ष 2953 के डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करते महाराष्ट्र से पखांजूर होते कापसी की ओर आने वाला है, सटीक मुखबीर से मिली सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल ,स्ढ्ढ वेदन सलामे के हमराह पुलिस स्टाफ




कार्यवाही हेतु ग्राम माटोली चौक मेनरोड पखांजूर की घेराबंदी कर 01 व्यक्ति अभय दास पिता जदु दास उम्र 33 वर्ष ग्राम छोटेकापसी छोटेपारा थाना पखांजूर को पकड़कर बजाज पल्सर मोटर सायकल नम्बर ष्टत्र 19 क्क्ष2953 की डिक्की को चेक करने पर एक प्लास्टिक के पारदर्शी झिल्ली के अंदर भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 2.368 किलोग्राम कीमति 1,15,900 रूपये व गांजा बिक्री रकम 1800/- रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध हृष्ठक्कस्,ष्ह्ल की धारा- 20(क्च) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण एवं आपराधिक रिकार्ड-

अभय दास पिता जदु दास उम्र 33 वर्ष ग्राम छोटेकापसी छोटेपारा थाना पखांजूर जिला उ.ब. कांकेर।

थाना पखांजूर के अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 20 (B) NDPS Act

**बरामदगी का विवरण-**

गांजा कुल 2.368 किलोग्राम कीमति 1,15,900 रूपये।

गांजा बिक्री रकम 1800/-रूपये।

एक बजाज पल्सर मोटर सायकल नम्बर ष्टत्र 19 क्क्ष2953

एक नग रेडमी कम्पनी का एनड्राईड मोबाईल।

जप्ती सामाग्री की कुल कीमत 1,77,700/रूपये।

**पुलिस टीम का विवरण-**


निरीक्षक लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी पखांजूर, स्ढ्ढ अनिल पालेश्वर,,स्ढ्ढ वेदन सलामे , प्रधान आरक्षक लिहेन्द्र देवांगन, आर. हेमंत द्विवेदी, बस्तर फाईटर आरक्षक रतनु निषाद, संतोष पद्दा, मनोज आंचला, उमेश मण्डावी, म.आर. कंचन मण्डावी। अपराध पर नियंत्रण पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है। कई बार एक छोटी सी

# ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से पिछले 03 माह में मंगवाए गए 54 नग धारदार चाकू बरामद

- पूर्व में अपराध में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**विजय मत/कांकेर**

चाकू एवं अन्य हथियार की सूचना कांकेर पुलिस की हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 पर देने वाले सूचनाकर्ता को ईनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। निखिल राखेचा (भापुसे) पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में ,श्री आकाश श्रीश्रीमाल (भापुसे) अति.पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर नोडल अधिकारी सायबर सेल एवं श्री योगेश साहू, अति. पुलिस अधीक्षक कांकेर के मार्गदर्शन में ,श्री गिरिजा शंकर साव उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स, सहायक नोडल अधिकारी सायबर सेल के पर्यवेक्षण में, साइबर सेल कांकेर द्वारा तकनीकी सहायता के माध्यम से पिछले 03 माह में मंगवाए गए पेन चाकू, बटन चाकू, पॉकेट चाकू एवं अन्य धारदार हथियारों की



जानकारी प्राप्त कर कुल 54 चाकू बरामद किए गए। जांच के दौरान पाया गया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर धारदार चाकू आकर्षक डिजाइन एवं कम कीमत में आसानी से उपलब्ध होने के कारण कुछ युवा इन्हें शौक, दिखावे या सोशल मीडिया प्रदर्शन हेतु मंगवा रहे है। कई मामलों में इनका दुरूपयोग भी सामने आया है। कुछ युवक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक एवं इस्टाग्राम पर धारदार हथियारों के साथ फोटो एवं वीडियो पोस्ट कर रहे थे, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना रहती है।कांकेर पुलिस द्वारा इस अभियान के दौरान ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर समझाइश दी गई व थाना चारामा में सागर उसेण्ड पिता लव कुमार उसेण्डी उम्र 19 साल निवासी मरकाटोला थाना चारामा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2026 धारा- 25 आर्म्स एक्ट दर्ज कर कार्यवाही भी की गई है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना को रोका जा सके। कांकेर पुलिस आम नागरिको से अपील करती है कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से चाकू या अन्य धारदार हथियार मंगवाकर लोगो की डराने धमकाने या अन्य अपराधिक गतिविधियों में उपयोग करने की मंशा रखता है, तो इसी सूचना तत्काल कांकेर पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 94792-55125 पर दें।

# जिला चिकित्सालय सूरजपुर में पहली बार हिप रिप्लेसमेंट, 45 वर्षीय मरीज को नई जिंदगी

**विजय मत/सूरजपुर**

जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई है। जिला चिकित्सालय सूरजपुर में पहली बार कूल्हे की हड्डी का सफल प्रत्यारोपण (हिप रिप्लेसमेंट) किया गया। इस जटिल सर्जरी की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अब जिले में ही उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं और मरीजों को बड़े ऑपरेशन के लिए महानगरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**दर्द से कराह रहे मरीज को मिली राहत**-जमगहना निवासी 45 वर्षीय इंद्रजीत लंबे समय से कूल्हे के असहनीय दर्द से जूझ रहे थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि उनके कूल्हे का जोड़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है और हिप रिप्लेसमेंट ही एकमात्र विकल्प है। चिकित्सकों की टीम ने चुनौती स्वीकार करते हुए ऑपरेशन की तैयारी की।

**विशेषज्ञ टीम ने निभाई अहम**



**भूमिका**-सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम के मार्गदर्शन में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अजय साहू और डॉ. अमन गुप्ता ने ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. विकास भगत, डॉ. अनिल कुमार और रेजिडेंट डॉ. संदीप भगत ने मरीज की सुरक्षा सुनिश्चित की।

ऑपरेशन थिएटर की टीम - ओटी इंचार्ज नवीदा परवीन सहित मयंका राजवाड़े, सीमा देवांगन, बोधन राजवाड़े, सुखलाल राम, सागर और भीक साय — का योगदान भी सराहनीय रहा।

**सिविल सर्जन ने जताई खुशी**-सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। अस्पताल प्रशासन भविष्य में भी नई-नई चिकित्सा सुविधाएं जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार अपने ही जिले में मिल सके।

**परिजनों ने जताया आभार**-सफल ऑपरेशन के बाद मरीज के परिजनों ने पूरी चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल ने उनकी उम्मीदों को नई मजबूती दी है। यह सफलता न केवल अस्पताल की बढ़ती चिकित्सा क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि सूरजपुर अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

# सारंगढ़ के होटल और दुकान में खाद्य सुरक्षा टीम ने की जांच

**विजय मत/सारंगढ़ बिलाईगढ़।** होली एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए ज़िले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जाँच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार विभिन्न मिठाई व किराना दुकानों और खाद्य विनिर्माण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालकों



के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। विभागीय टीम की ओर से सारंगढ़ के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया इस दौरान मिठाईयों और बेसन, सूजी और अन्य खाद्य सामग्री जैसे विभिन्न प्रकार के दालों के नमूने जाँच के लिए संग्रहित किए गए। कमी पाए जाने पर फर्म संचालकों को नोटिस दिया गया है तथा सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने उपभोक्ताओं से खुले और अत्यधिक रंग युक्त खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की है। खाद्य सामग्री ख़रीदते समय उसके लेबल, निर्माण तिथि और उपयोग अवधि अवश्य जाँचने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की गुणवत्ता संबंधित शिकायत होने पर विभाग को सूचित करने का आग्रह किया गया है ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। विभागीय टीम में अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य और वरुण पटेल उपस्थित थे।

### सैनिक स्कूल में दो छात्राओं का चयन-

# होराइजन पब्लिक स्कूल के छात्रा वंशिका भारद्वाज एवं खुशबू यादव ने बढ़ाया मान, क्षेत्र में हर्ष

**विजय मत/पत्थलगांव।** पाकरगांव स्थित होराइजन पब्लिक स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय की दो होनहार छात्राओं का चयन देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल में हुआ है। छात्राओं के इस ऐतिहासिक चयन से न केवल विद्यालय परिसर, बल्कि अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा वंशिका भारद्वाज एवं खुशबू यादव ने सैनिक स्कूल की कठिन प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सफलता हासिल की है।दोनों छात्राओं का चयन उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम माना जा रहा है।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार वंशिका और खुशबू ने प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति गंभीरता, अनुशासन और परिश्रम का परिचय दिया।



शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा परिवार के सहयोग से दोनों छात्राओं ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह उपलब्धि प्राप्त की।इस सफलता को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानते हुए विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि सैनिक स्कूल में चयन केवल शैक्षणिक सफलता नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति के गुणों का प्रमाण भी है। सैनिक स्कूल छात्रों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि उन्हें अनुशासित जीवन, नेतृत्व कौशल और देशसेवा की भावना से भी प्रशिक्षित करता है।छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने दोनों छात्राओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने वंशिका भारद्वाज और खुशबू यादव को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और निरंतर मेहनत की जाए, तो किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। होराइजन पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।छात्राओं की इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित हुआ है और अभिभावकों में विद्यालय के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

# होली पर्व के मद्देनज़र सक्ती पुलिस द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित

**विजय मत/सकती**

आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के दिशा-निर्देशों के परिपालन में दिनांक 28.02.2026 को थाना सक्ती परिसर में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई..बैठक का उद्देश्य होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करना था। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों, धार्मिक प्रतिनिधियों एवं पत्रकार बंधुओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई।

**प्रशासन की अपील-** बैठक में नागरिकों से निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की अपील की गई—

-होली के दौरान किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

-शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें।

-अश्लील, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ शब्दों का प्रयोग न करें।

-प्रतिबंधित मुखौटों या वेशभूषा का उपयोग न करें।

-सड़क पर आने-जाने वाले व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों पर जबरदस्ती रंग न लगाएं।

-निर्धारित समय सीमा के पश्चात तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम/डीजे का उपयोग न करें।



-सार्वजनिक मार्गों को लकड़ी, टायर या अन्य वस्तुओं से बाधित न करें, जिससे आवागमन प्रभावित हो।

-देर रात्रि तक अनावश्यक रूप से समूह बनाकर न घूमें।

-सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, भ्रामक पोस्ट या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें।

-कानून एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एवं सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी-** बैठक में यह अवगत कराया गया कि होली पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की जाएगी। पेट्रोलिंग व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाएगी नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी थाना में दें, ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके ।

**बैठक में उपस्थिति** -उक्त शांति समिति की बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा, निरीक्षक लखन पटेल थाना प्रभारी सक्ती, नायब तहसीलदार पद्मलोचन पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स मनीष कथुरिया, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री गिरधर जायसवाल एवं समर सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, भाजपा नगर मंडल महामंत्री संजय अग्रवाल, दीपक गुप्ता (प्रदेश सहसचिव, छत्तीसगढ़ सुरक्षा फाउंडेशन), वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप अग्रवाल, पार्षदगण मनोज सोनी, संतोष कुमार सोनी, संजय कश्यप, गोविंद देवांगन, गोविंद निराला, मो. नजीब मौलाना साहब, गुलाम मनियार, शेख महबूब सहित जामा मस्जिद सक्ती के सदस्यगण, पत्रकार बंधु रामनरेश यादव, मोहन देवांगन, अजय अग्रवाल, महेंद्र खांडे, तपेश शर्मा, राज शर्मा एवं नगर के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

### भटगांव थाना में होली के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**विजय मत/भटगांव**

आगामी होली त्यौहार को लेकर भटगांव थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी विजय ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां शांति समिति की बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित नागरिको को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आश्वस्त किया गया कि त्यौहार के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी और नियमित पेट्रोलिंग की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वो और गुंडे बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बैठक मे नागरिको द्वारा विभिन्न समस्याओं और सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा गया, जिन पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया?। वही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुखौटा पहनकर घूमना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा मुखौटों? की बिक्री पर भी रोक रहेगी। नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई जहां नागरिकों से अपिल की गई कि बीच सड़क पर होलिका दहन न करें और बिजली के तारों के नीचे होली न जलाएं। किसी भी प्रकार की गतिविधि से दूसरों को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे या किसी घटना की आशंका हो, तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने के निर्देश दिए गए।

## सार समाचार

### अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई, 14 हाईवा जब्त



**जांजगीर।** अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के मामले में जांजगीर जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने 14 हाईवा वाहनों को जब्त किया है। हाईवा वाहन चालक/मालिकों के विरुद्ध गौण खनिज अधिनियम के तहत कार्रवई की गई है। जांजगीर जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जन्मेजये महोबे ने अवैध खनन को रोकने के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम निगरानी समितियों का गठन किया है, जो एसडीएम और तहसीलदारों को अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचना देगी। इसके बाद संयुक्त टीम कार्रवाई करेगी। इसी क्रम में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे और एसपी विजय पांडे के निर्देश पर एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में बीती देर रात हाईवे रोड पर दबिश देकर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 14 हाईवा वाहनों को पकड़ा। उपरोक्त वाहनों को मौके से जब्त कर संबंधित वाहन चालकों और मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम एवं अन्य प्रसांगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस और जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद रायपुर में विरोध प्रदर्शन

**विजय मत/रायपुर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद देश के कई हिस्सों में प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी इस घटना का असर साफ नजर आया। राजधानी के मोमिनपारा इलाके में शिया समुदाय के लोगों ने खामेनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की और अमेरिका-इजरायल द्वारा किए गए इस हमले की कड़ी निंदा की। बता दें कि मोमिनपारा इलाके में विरोधी स्वरूप प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर अमेरिका और इजरायल के झंडे चिपकाकर उन पर पैरों के निशान बनाए। इस दौरान लोगों ने अमेरिकी नेता डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ रुख प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई के प्रति समर्थन जताते हुए कहा कि यह हमला निंदनीय है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। इधर, भारत स्थित ईरानी दूतावास ने भी इस घटना पर बयान जारी किया है। दूतावास ने दुनिया भर की इजरायली सेनाओं से अमेरिकी-इजरायली हमले की कड़ी निंदा करने और चुप न रहने की अपील की है।

होली की छुट्टियों में जंगल सफारी घूमने का बना रहे हैं प्लान तो ध्यान दें

# 3 दिनों के लिए बंद रहेगी पर्यटकों की एंट्री

**विजय मत, रायपुर**

होली की छुट्टियों में अगर आप नवा रायपुर स्थित एशिया की सबसे बड़ी मानव-निर्मित नंदनवन जंगल सफारी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। सफारी प्रबंधन ने होली पर्व और सालाना मेंटेनेंस कार्य को ध्यान में रखते हुए 3 मार्च से 5 मार्च 2026 तक जंगल सफारी को पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद रखने का फैसला लिया है।

बता दें कि जंगल सफारी के संचालक सह वनमंडलाधिकारी द्वारा इस संबंध में अनुमति मांगी गई थी, जिस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव वार्डन, छत्तीसगढ़ अरुण कुमार पांडे ने अनुमति प्रदान की है। जारी आदेश के अनुसार, तीन दिनों तक किसी भी पर्यटक को सफारी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।




### सुरक्षा और मेंटेनेंस को लेकर फैसला

सफारी प्रबंधन के अनुसार, होली के दौरान जंगल सफारी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भीड़भाड़ और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका रहती है। इससे शासकीय सीमाएं और सफारी क्षेत्र को नुकसान पहुंचने की संभावना बनी रहती है।

इसके अलावा, हर साल इस अवधि में वार्षिक रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य संपादित करने की आवश्यकता होती है। इसलिए, 3 मार्च से 5 मार्च 2026 तक जंगल सफारी को पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद रखने का फैसला लिया है।

### सफारी प्रबंधन ने पर्यटकों से की अपील

सफारी प्रबंधन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे 3 दिवसीय बंदी को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं। होली की छुट्टियों के दौरान सफारी भ्रमण का कार्यक्रम न तय करें और वैकल्पिक तिथियों का चयन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि के बाद सफारी पूर्व निर्धारित समय पर पुनः पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी।

## 7 साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा, 3 साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला





**विजय मत, गरियाबंद**

जिले में सात साल की मासूम से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र का है, जिसमें वर्ष 2023 में अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में करीब तीन साल बाद 2026 में अदालत ने अपना फैसला सुनाया। जानकारी के अनुसार, टिकरापारा (फिंगेश्वर) निवासी आरोपी विश्राम निषाद के खिलाफ वर्ष 2023 में एक गंभीर मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी ने 7 वर्षीय मासूम बच्ची को सुनसान खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की जांच उप पुलिस अधीक्षक निशा सिंहा द्वारा की गई और जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

## मैराथन में पूर्व नक्सलियों ने प्रतिभागियों के साथ लगाई दौड़



**विजय मत, रायपुर**

भानुप्रतापपुर में आज सुबह खेल और सकारात्मक बदलाव की मिसाल देखने को मिली। शहीद भगत सिंह क्लब द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों ने भी इस दौड़ में भाग लेकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। सुबह निर्धारित समय पर शुरू हुई इस मैराथन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से धावक पहुंचे। महिला और पुरुष वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंततः दोनों ही वर्गों में भिलाई के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। जानकारी के अनुसार इस मैराथन में करीब 300 लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें 4 आत्मसमर्पित नक्सली भी दौड़े। कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह मेराथन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और शांति का संदेश है। मुख्यधारा में लौटे साथियों की भागीदारी हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भानुप्रतापपुर की सड़कों पर दौड़ते कदमों ने यह साबित कर दिया कि जब इरादे मजबूत हों तो बदलाव की राह आसान हो जाती है।

मानवझ्रवन्यजीव संघर्ष पर जागरूकता अभियान

## लोकनृत्य, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर, ग्रामीणों ने जंगल और वन्यप्राणियों की रक्षा का लिया संकल्प

**विजय मत, रायपुर**

वनमंडल बालोद के वांग्राम बड़भूम परिक्षेत्र गुरूर में आज वन विभाग एवं एनजीओ अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जंगल एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करने एवं मानवझ्रवन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ग्रामीणों में सतत जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। बता दें कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य मानव जीवन की रक्षा के साथ-साथ वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित करना रहा। ग्रामीणों को वन्यजीवों से संभावित खतरों, सुरक्षा उपायों, संघर्ष की स्थिति में अपनाए जाने वाले व्यवहारिक कदमों तथा शासन की मुआवजा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

अभियान को प्रभावी और जनसुलभ बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा कला चित्रों, पोस्टर, रंगोली व पेंटिंग के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया, वहीं लोकनृत्य प्रस्तुतियों के जरिए सरल भाषा में जागरूकता का संदेश दिया गया। इन नवाचारों के चलते ग्रामीणों की सहभागिता उल्लेखनीय रही और कार्यक्रम जनआंदोलन का रूप लेता नजर आया। अभियान में अर्थ रिट्रीट एनजीओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने जनसंपर्क, प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।





पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सशक्त करने हेतु विभिन्न ऐसी सामग्रियों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए वन-संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वनमंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष हीराबाई तथा विशिष्ट अतिथि अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन की फाउंडर अनुभा द्विवेदी उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में वनमंडल अधिकारी अभिषेक ने कहा कि मानव और वन्यजीवों के बीच संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा– हम और वन दोनों एक-दूसरे के मित्र हैं, यह मित्रता हमेशा पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ती रहे, यही हमारी प्राथमिकता है।

इसके साथ ही उन्होंने जल स्रोतों को सुरक्षित करने, जंगल में सतर्कता बरतने तथा किसी भी वन्यजीव गतिविधि की तुरंत सूचना विभाग को देने की अपील की। संस्थापक अनुभा द्वारा जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, वर्मीकम्पोस्ट एवं स्वरोजगार संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीओ साहू एवं डोंगरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी भंडारी, डिप्टी रेंजर सहित विभागीय अमला एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

चौक–चौराहों पर दिखेंगी अनोखी मूर्तियां

## रायपुर में मुंज्या थीम की होलिका बनी आकर्षण का केंद्र





**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर में रंगों के त्योहार होली की धूम देखने को मिल रही है। बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की खरीदारी के साथ ही होलिका दहन की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर इस बार अलग-अलग थीम पर होलिका की आकर्षक मूर्तियां बनाई गई हैं। इसी कड़ी में शहर के प्रसिद्ध कालीबाड़ी चौक पर साल 2024 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म मुंज्या की थीम पर आधारित होलिका की मूर्ति लोगों का ध्यान खींच रही है। मुंज्या थीम के साथ बनाई गई इस मूर्ति के पास फिल्म के प्रसिद्ध किरदारों की झलक भी देखने को मिल रही है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस अनोखी प्रतिमा को कालीबाड़ी चौक के पुजारी मूर्तिकार बंधुओं ने तैयार किया है। मूर्तिकार राकेश पुजारी ने लल्लूराम डॉट कॉम से बातचीत करते हुए बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से अलग-अलग थीम की मूर्तियां बना रहे हैं। इस बार मुंज्या फिल्म का ट्रेंड काफी चल रहा है। इस थीम पर होलिका माता के हाथ में प्रह्लाद भी नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक राजधानी रायपुर में 20 से अधिक प्रतिमाएं बेची जा चुकी हैं। इसके अलावा शहर में इस बार अलग-अलग थीम पर आधारित कई आकर्षक होलिका प्रतिमाएं देखने को मिलेंगी, जो काफी आकर्षक रहेंगी।

## नहीं थम रहा रफ्तार का कहर, 3 भीषण सड़क हादसों में 3 की मौत

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ में रविवार को भीषण सड़क हादसे सामने आए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई. कहीं हाइवा और ट्रेलर, तो कहीं कंटेनर और ट्रेलर की टक्कर की बीच जोरदार टक्कर हुई. वहीं एक जगह धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया. यह सड़क हादसे रायगढ़, पखांजूर और कवर्धा में हुए हैं.

***हाइवा और ट्रेलर की टक्कर में दो की मौत*** – पहली घटना रायगढ़ जिले से सामने आई, जहां कुरकुट नाला के पास हाइवा और ट्रेलर के बीच जोरदार भीड़ंत हो गई. घटना के बाद दोनों वाहनों में आग भड़क गई और देखते ही देखते वाहनें धूं-धूं कर जल उठी. हादसे में दोनों वाहनों के चालकों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई. मामला घरघोड़ा थाना इलाके का है. जानकारी के मुताबिक, कुरकुट नाला के पास रविवार को हाइवा और ट्रेलर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. दोनों वाहनों के चालक केबिन में ही फंस गए और बाहर नहीं आ पाए. दोनों चालकों की मौत हो गई. सूचना के बाद दमकल टीम और पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया. शवों को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है.



***ट्रेलर और कंटेनर में भीषण टक्कर***– कवर्धा जिले में रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे 30 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. ट्रेलर और कंटेनर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई. हादसे में ट्रेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. चालक केबिन में ही फंस गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पूरा मामलादशरंगपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम अगरी का है. जानकारी के मुताबिक, कंटेनर एमपी से रायपुर की ओर जा रहा था, जबकि ट्रेलर रायपुर की तरफ से आ रहा था. आमने-सामने की टक्कर में ट्रेलर चालक को जान गंवानी पड़ी. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. दुर्घटना की आगे की कार्रवाई जारी है. संगम क्षेत्र से धान भरकर आ रहा एक ट्रक घोड़ागांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।

### दुबई कनेक्शन से चल रहा था ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क, सात आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और न्यू राजेन्द्र नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस ऑपरेशन में रायपुर से 2 और गोवा से 5 आरोपियों समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरोह का संचालन प्रतीक कुमार वीधवानी और सैंकी देवड़ा कर रहे थे, जो हाल ही में दुबई से लौटे थे। दोनों पेमेंट गेट-वे पैनल के जरिए देश-विदेश में सक्रिय ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क को संचालित कर रहे थे। तकनीकी विश्लेषण और सतत निगरानी के बाद पुलिस टीम ने पूरे नेटवर्क को ट्रैक किया। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन) संदीप पटेल के निर्देशन में की गई। 25 फरवरी 2026 को सूचना मिली कि न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र में मुक्तिधाम के पास खड़ी एक कार में बैठे कुछ लोग ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं।

योग के साथ होली का संगम

## योग साधकों ने उत्साहपूर्वक मनाया होली मिलन समारोह

**विजय मत, रायपुर**

भारतीय योग संस्थान, रायपुर के योग साधकों ने होली पर्व के पूर्व शहर के विभिन्न योग केंद्रों में एक साथ मिलकर उत्साहपूर्वक ह्यहोली मिलन समारोहह्ल मनाया. गायत्री नगर, स्वर्णभूमि, कटोरा तालाब पार्क, कृष्णा नगर गुड़ियारी, बुढ़ातालाब, ऑक्सीजोन, भैरव सोसाइटी, आनंद नगर, रिद्धि सिद्धि पार्क, टैगोर नगर और वृंदावन पार्क अवंती विहार सहित अनेक केंद्रों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए. सभी योग केंद्रों में गुरुओं के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ. इस दौरान संपूर्ण योग साधना कराई गई, जिसमें आसन, प्राणायाम और ध्यान शामिल रहे. साधकों को तन और मन को स्वस्थ रखने की योगविद्या से अवगत कराया गया. योगाभ्यास के बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया. नृत्य, कवि सम्मेलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने होली मिलन समारोह को यादगार बना दिया, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने सहभागिता की.



प्रांतीय पदाधिकारी राजेश अग्रवाल और राजेश डागा ने सभी केंद्र प्रमुखों को उनके निष्काम सेवा के लिए प्रोत्साहित किया. मुकेश सोनी ने साधकों को संदेश देते हुए कहा कि यदि नित्य आप योग को अपने दिनचर्या में उतारे तो जीवन में रोज होली और दिवाली है।

## जेजे एक्ट की अनदेखी पर हाईकोर्ट सख्त नाबालिग आरोपी को मिली जमानत

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने किशोर न्याय से जुड़े एक संवेदनशील मामले में अहम आदेश पारित करते हुए नाबालिग आरोपी को जमानत देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन) एक्ट, 2015 की धारा 12 के प्रावधानों की अनदेखी कर निचली अदालतों द्वारा जमानत याचिका खारिज करना कानूनन गलत है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल द्वारा पारित किया गया। यह मामला थाना खड़गवां, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार, एक नाबालिग पीड़िता (उम्र लगभग 14-15 वर्ष) गर्भवती पाई गई, जिसके बाद मेडिकल अधिकारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पीड़िता के बयान के आधार पर नाबालिग आरोपी (उम्र लगभग 16-17 वर्ष) के खिलाफ बीएनएस की धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोप था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता का अपहरण किया और कई बार दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई।

आवेदक की ओर से दलील दी गई कि, आरोपी नाबालिग है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# कहीं चिता की राख तो कहीं फूलों से खेली जाती है होली!



**मनोज अग्रवाल**

> होली के गीतों में वैसे भी गालियां पिरोई होती हैं. शब्दों का प्रयोग कुछ इस प्रकार किया गया होता है कि लोग उसे सुन कर मस्ती करते हैं और उन्हें भीतर तक गुदगुदी होती है. वाराणसी, मिथिलांचल, कुमाऊं, राजस्थान, हरियाणा में होली पर गाली की अनोखी परंररा है। होली एक ऐसा त्योहार है, जो रंगों की मस्ती के साथ-साथ गालियों और गुदगुदाते गीतों के लिए भी खूब जाना जाता है. इसीलिए इस त्योहार को सबसे अनूठा कहते हैं. साल भर लोगों को इसका इंतजार रहता है. लोग गालियों और गीतों के जरिए अपनी भड़ास निकालते हैं. जैसा प्रदेश, वैसे गीत और वैसी ही वहां की गालियां. बहुरंगी होली की ये छटा दुनिया भर में निराली है। काशी की परंपराएं इसलिए अनूठी हैं क्योंकि यहां होली पर गालियों का भी अपना एक अलग संस्कार देखने को मिलता है।

समूचे देश समेत विशेषकर उत्तर भारत में मनाया जाने वाला होली पर्व आस्था विश्वास ऋतु परिवर्तन और सामाजिक एकता का लोकपर्व है। होली के दिन समूचा समाज सवर्ण असवर्ण गरीब अमीर सबल निर्बल राजा प्रजा ऊंच नीच के दायरे से बाहर आकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर सामाजिक समरसता व सौहार्द का सूत्रपात करता है यह लोकपर्व इतना सजीव व सामाजिक वैज्ञानिक आधार से जुड़ा है कि इस की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती है। इस लोकपर्व के संबंध में प्रहलाद और होलिका की कथा सबसे ज्यादा प्रचलित है। पुराने समय में हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रहलाद विष्णु जी का परम भक्त था। ये बात हिरण्यकश्यपु को पसंद नहीं थी। इस वजह से वह प्रहलाद को मारना चाहता था। असुर राज हिरण्यकश्यपु ने बहुत कोशिश की, लेकिन प्रहलाद को मार नहीं सका। तब असुरराज की बहन होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई। होलिका को आग में न जलना का वरदान मिला हुआ था, लेकिन भगवान विष्णु जी की कृपा से होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया। तभी से सत्य और धर्म की जीत के रूप में होली दहन का पर्व मनाया जाता है।।युगों पहले जिस तरह भक्त प्रहलाद के सकुशल बच जाने पर लोगोंसत ने रंग गुलाल लगा कर खुशी मनाई थी आज भी उसी तरह खुशी मनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

होली के गीतों में वैसे भी गालियां पिरोई होती हैं. शब्दों का प्रयोग कुछ इस प्रकार किया गया होता है कि लोग उसे सुन कर मस्ती करते हैं और उन्हें भीतर तक गुदगुदी होती है. वाराणसी, मिथिलांचल, कुमाऊं, राजस्थान, हरियाणा में होली पर गाली की अनोखी परंररा है। होली एक ऐसा त्योहार है, जो रंगों की मस्ती के साथ-साथ गालियों और गुदगुदाते गीतों के लिए भी खूब जाना जाता है. इसीलिए इस त्योहार को सबसे अनूठा कहते हैं. साल भर लोगों को इसका इंतजार रहता है. लोग गालियों और गीतों के जरिए अपनी भड़ास निकालते हैं. जैसा प्रदेश, वैसे गीत और वैसी ही वहां की गालियां. बहुरंगी होली की ये छटा दुनिया भर में निराली है। काशी की परंपराएं इसलिए अनूठी हैं क्योंकि यहां होली पर गालियों का भी अपना एक अलग संस्कार देखने को मिलता है. दूसरे शहरों में गाली देने पर मार हो जाए, लेकिन यहां होली पर गालियां मनभावन लगती हैं।

## रंगों से पूजा की जाती है

पंजाब में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा शुरू की गई यह होलीवीर रस से भरी होती है। इसमें निहंग सिख पारंपरिक पोशाक पहनकर तलवारबाजी और घुड़सवारी (गतका) का प्रदर्शन करते हैं। पश्चिमी बंगाल व ओडिशा में यहाँ होली को डोल जात्रा के रूप में मनाया जाता हैजिसमें राधा-कृष्ण की मूर्तियों को झूलों (डोल) पर रखकर जुलूस निकाला जाता है और रंगों से पूजा की जाती है।

श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से करीब 50 किमी दूर बरसाना की होली बहुत खास होती है। बरसाना में कई दिनों तक लट्ठमार होली खेली जाती है। फाल्गुन पूर्णिमा से पहले ही लोग यहां होली खेलना शुरू कर देते हैं। पास के नंदगांव के पुरुष बरसाना आते हैं और बरसाना के पुरुष नंदगांव जाते हैं। इन गांवों की महिलाएं पुरुषों को लट्ठ मारती हैं और पुरुष ढाल से बचने की कोशिश करते हैं। ये होली देखने देश-विदेश से लाखों लोग यहां आते हैं।

मान्यता है कि मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण ने राधा और गोपियों के साथ होली खेली थी। इसी वजह से इन जगहों पर होली की अच्छी खासी धूम होती है। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण के भक्त बड़ी संख्या में होली खेलने पहुंचते हैं। यहां के मंदिरों में फूलों से होली खेली जाती है।बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली अवर्णनीय है।

बरसाना के राधा रानी मंदिर में लड्डू मार होली खेली जाती हैजहाँ एक-दूसरे पर लड्डू फेंके जाते हैं और उन्हें प्रसाद के रूप में खाया जाता है।

वाराणसी(काशी) के मणिकर्णिका घाट पर खेली जाने वाली होली विश्व प्रसिद्ध है। यहां शमशान की राख से होली खेली जाती है। मान्यता है कि शिव जी ने यहां अपने गणों के साथ चिता की राख से होली खेली थी। इसी मान्यता की वजह से आज भी शिव भक्त यहां मसाने की होली खेलते है। देश दुनिया में यह एकमात्र ऐसी होली है जिसमें चिता भस्म को रंग गुलाल की तरह इस्तेमाल करते हुए होली खेलते हैं।

## देश-दुनिया से काफी लोग आते हैं

एक ऐसी भी होली है जहां जलती होली की लपटों के बीच पंडा नंगे पांव निकल जाता है लेकिन खरोंच तक नहीं आती है। मथुरा से करीब 50 किमी दूर एक गांव है फालैन। इसे प्रहलाद का गांव भी कहते हैं। फालैन गांव की होली की खास बात ये है कि यहां जलती हुई होली के बीच में से एक पंडा चलकर गुजरता है। होली ऊंची-ऊंची लपटों से निकलने के बाद भी पंडे का बाल तक नहीं जलता है। ये चमत्कार देखने के लिए देश-दुनिया से काफी लोग यहां पहुंचते हैं।

उत्तराखंड में होली संगीत और गायन के साथ मनाई जाती हैजिसे बैठकी होली कहा जाता हैजहाँ शास्त्रीय और पारंपरिक गीतों का गायन होता है।केरल के कोंकणी और कुडुंबी समुदाय के लोग इस दिन रंगों के बजाय हल्दी (मंजल) मिले पानी का उपयोग करते हैंजो शुद्धिकरण का प्रतीक हैमहाराष्ट्र और गोवा में यहाँ होली को रंग पंचमी या शिग्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है जो बसंत पंचमी से शुरू होता है कर्नाटक के हम्पी की होली भी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। ये जगह यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल है। इस जगह का संबंध त्रेतायुग की वानर सेना से है। मान्यता है कि सुग्रीव अपनी वानर सेना के साथ इसी क्षेत्र में रहते थे। यहां होली पर बड़ा आयोजन होता है। हजारों लोग यहां होली खेलने आते हैं।राजस्थान की होली उदयपुर और पुष्कर में आज भी शाही तौर तरीकों से होली खेली जाती है। इस मौके पर राजपुताना आन बान शान देखने को मिलती है।कई दूसरे एशियाई देशों में भी होली के प्रतिरूप रंगों का पर्व मनाया जाता है लेकिन भारतीय होली यकीनन आज भी अनूठी मस्ती से भरी है यह समाज को एक सूत्र में पिरो कर उमंग व उत्साह का संचार करती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) - साभार

# म्यूट मोड पर किशोर मन स्क्रीन के पीछे का अनसुना

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर मकान की मजबूती तो देखते हैं, लेकिन उसकी नींव में दबी दरारों को भूल जाते हैं। किशोरावस्था जीवन की वही नींव है जिसे अक्सर उम्र का तकाज़ा कहकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। हर साल 2 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे घर के बच्चों के मन में भी कई बार गहरा अंधेरा छाया होता है। आज का किशोर कल के युवाओं की तुलना में कहीं अधिक साधन संपन्न और तकनीक का जानकार है, लेकिन विडंबना यह है कि वह पहले से कहीं अधिक अकेला और मानसिक दबाव में भी है।

आज के किशोरों के पास सबसे बड़ी चुनौती है दिखावे की संस्कृति। हाथ में स्मार्टफोन और आंखों में चमकदार भविष्य के सपने लेकर वे जिस डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं, वह जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। सोशल मीडिया पर लाइक्स, व्यूज और कमेंट्स की संख्या अब उनके आत्म-सम्मान का पैमाना बन गई है। किसी सहपाठी की फिल्टर लगी फोटो या उसकी महंगी छुट्टियों की तस्वीरें देखकर खुद को कमतर आंकना अब एक मानसिक महामारी का रूप ले रहा है। यह तुलना का रोग उन्हें धीरे-धीरे हीन भावना और अवसाद की ओर धकेल रहा है, जिसे वे किसी से साझा भी नहीं कर पाते। अखबारों की सुर्खियों और टीवी के शोर के बीच, क्या हमने कभी गौर किया है कि घर के कोने में चुपचाप बैठा किशोर क्या सोच रहा है? स्कूल में अव्वल आने का बोझ, नामी संस्थानों में दाखिले की अंधी दौड़ और फिर दोस्तों के बीच खुद को कूल दिखाने की होड़। इन सबके बीच उनका मासूम और असली व्यक्तित्व कहीं खो जाता है। वे बोलना चाहते हैं, चीखना चाहते हैं, लेकिन डरते हैं कि कहीं उन्हें कमजोर या बीमार न समझ लिया जाए। हमारे समाज में आज भी शारीरिक चोट तो दिखती है, लेकिन मन के घावों पर बात करना अच्छा नहीं माना जाता। यही चुप्पी किशोरों को अंदर ही अंदर तोड़ देती है।

बीते कुछ वर्षों में तकनीक पर निर्भरता ने स्थितियां और जटिल कर दी हैं। स्क्रीन पर घंटों समय बिताने से वास्तविक मानवीय संवाद कम हो गया है।

**सूचना**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अत: यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**कांतिलाल मांडोत**

राजस्थान के अजमेर की कायड़ विश्रामस्थली शनिवार को राष्ट्रीय महत्व के एक बड़े कार्यक्रम की साक्षी बनी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने जहां बेटियों के स्वास्थ्य को राष्ट्र की प्राथमिकता बताया, वहीं अपने संबोधन में कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक प्रहार भी किया। विकास, सुरक्षा, जल प्रबंधन, ऊर्जा और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को भी उन्होंने विस्तार से रखा।सभा की शुरुआत एचपीवी वैक्सीनेशन की औपचारिक प्रक्रिया से हुई। प्रधानमंत्री ने कुछ छात्राओं से संवाद कर यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें इस टीके के महत्व के बारे में कितनी जानकारी है। उन्होंने बालिकाओं से पढ़ाई और परीक्षाओं को लेकर भी चर्चा की और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य देश में हर वर्ष हजारों महिलाओं की जान लेने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करना है। सरकार का मानना है कि समय पर टीकाकरण से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम स्थल पर विशेष डोम बनाकर टीकाकरण की शुरुआत की गई और पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण भी किया गया।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कभी इंडियन नेशनल कांग्रेस के नाम से जानी जाने वाली पार्टी अब अपने मूल स्वरूप से भटक चुकी है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि कांग्रेस के कृत्यों को देश कभी माफ नहीं करेगा। हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की प्रगति की सराहना कर रही है, लेकिन विपक्ष देश को बदनाम करने में लगा है।

राजस्थान के विकास पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य अब ÷सूरज की ताकत से समृद्धि÷ कमा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना और सौर ऊर्जा परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि धूप अब आम लोगों की आय और बचत का साधन बन रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# नया बीज बिल- 2026 : किसानों के हक और बीज की क्वालिटी के लिए नई दिशा

**सुनील कुमार महला**

> भारत सरकार एक नया सीड्स बिल, 2026 लाने की तैयारी कर रही है, जिसका मकसद एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े सुधार लाना है। यह पुराने सीड्स एक्ट, 1966 की जगह लेगा।मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते असर की वजह से, पुराना कानून काफी नहीं माना जा रहा है। सरकार का मकसद किसानों को मजबूत कानूनी सुरक्षा देना, सीड मार्केट में ट्रांसपेरेंसी लाना और कॉर्पोरेट कंपनियों की मनमानी पर असरदार कंट्रोल करना है। कृषि मंत्रालय ने किसान संगठनों, सीड इंडस्ट्री और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेने के बाद इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पार्लियामेंट के मौजूदा सेशन में पेश करने और जल्द से जल्द पास करने का प्लान है।नए कानून का बैकग्राउंड 2015-16 के बीटी कॉटन विवाद से जुड़ा है।

भारत दुनिया के खेती-बाड़ी वाले देशों में से एक है। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की एक बड़ी आबादी अभी भी सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। अनुकूल मौसम, उपजाऊ मिट्टी और अलग-अलग भौगोलिक हालात कई तरह की फसलों की खेती के लिए सही हैं। गेहूं, चावल, गन्ना, दालें, तिलहन, कपास और मसाले जैसी फसलें न सिर्फ देश की खाने की ज़रूरतों को पूरा करती हैं, बल्कि एक्सपोर्ट के ज़रिए विदेशी मुद्रा कमाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। खेती-बाड़ी का सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों लोगों को रोज़गार देता है। इसके अलावा, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, मछली पालन और बागवानी जैसे सहायक सेक्टर किसानों की इनकम बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं। समय-समय पर लागू की गई सरकारी योजनाएं और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खेती को ज़्यादा प्रोडक्टिव, फायदेमंद और टिकाऊ बनाने में मदद कर रहा है। इस तरह, खेती न सिर्फ रोज़ी-रोटी का ज़रिया है, बल्कि भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा भी है।

इस संदर्भ में, भारत सरकार एक नया सीड्स बिल, 2026 लाने की तैयारी कर रही है, जिसका मकसद एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े सुधार लाना है। यह पुराने सीड्स एक्ट, 1966 की जगह लेगा। अभी, सीड इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी में तरक्की और मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते असर की वजह से, पुराना कानून काफी नहीं माना जा रहा है। सरकार का मकसद किसानों को मजबूत कानूनी सुरक्षा देना, सीड मार्केट में ट्रांसपेरेंसी लाना और कॉर्पोरेट कंपनियों की मनमानी पर असरदार कंट्रोल करना है। कृषि मंत्रालय ने किसान संगठनों, सीड इंडस्ट्री और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेने के बाद इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पार्लियामेंट के मौजूदा सेशन में पेश करने और जल्द से जल्द पास करने का प्लान है।नए कानून का बैकग्राउंड 2015-16 के बीटी कॉटन विवाद से जुड़ा है। जैसा कि पाठक जानते हैं, रॉयल्टी को लेकर अमेरिकी कंपनी मोनसेंटो और भारतीय सीड कंपनियों के बीच एक गंभीर विवाद खड़ा हो गया था। मोनसेंटो अपनी टेक्नोलॉजी के लिए बहुत ज़्यादा रॉयल्टी ले रही थी, जिससे सीड की कीमतें बढ़ गईं और किसानों पर एक्स्ट्रा फाइनेंशियल बोझ पड़ा। भारत सरकार ने बीटी कॉटन के बीजों के लिए एक सीलिंग प्राइस और रॉयल्टी में कमी का ऑर्डर दिया। कंपनी ने इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चैलेंज किया, और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। इस कानूनी लड़ाई से पता चला कि पुराना कानून मल्टीनेशनल कंपनियों की पावर को कंट्रोल करने और बीज की कीमतों और क्वालिटी पर सरकार के अधिकार को साफ करने में कमजोर था। असल में, इसी स्थिति ने नए सीड्स बिल का आधार बनाया।

प्रस्तावित सीड्स बिल 2026 सभी बीजों का सरकारी रजिस्ट्रेशन ज़रूरी बनाता है, और बिना सरकारी मंज़ूरी के कोई भी बीज बाज़ार में नहीं बेचा जाएगा। पुराने कानून के तहत, कंपनियां अपने बीजों को असली लेबल वाली कैटेगरी में बिना किसी सख्त रजिस्ट्रेशन ज़रूरत के बेच सकती थीं, लेकिन अब यह तरीका खत्म कर दिया जाएगा। नया कानून बीजों के लिए साफ क्वालिटी स्टैंडर्ड तय करेगा। अगर कोई बीज खराब निकलता है और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, तो संबंधित कंपनी को किसानों को हर्जाना देना होगा। यह कहना सही होगा कि इससे किसानों को सीधे कानूनी अधिकार मिलेंगे।इसके अलावा, बिल में एक डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और एक नेशनल सीड रजिस्टर का भी प्रावधान है। इससे यह पक्का होगा कि हर बीज की वैरायटी, बनाने वाले और मालिक की जानकारी सरकारी रिकॉर्ड में सुरक्षित रहे। इससे नकली और घटिया बीजों की बिक्री रुकेगी और बीज की चोरी और गुमराह करने वाले दावों पर कंट्रोल होगा। बिना रजिस्टर्ड बीज बेचने, क्वालिटी स्टैंडर्ड का उल्लंघन करने या गलत जानकारी देने वाली कंपनियों के लिए सख्त सज़ा और भारी जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। बीज की कीमत और क्वालिटी कंट्रोल में सरकार की भूमिका को और मज़बूत और साफ़ किया जाएगा, जिससे बड़ी कंपनियाँ मनमानी रॉयल्टी या बहुत ज़्यादा कीमत वसूल नहीं कर पाएँगी।

असल में, सरकार ने यह भी साफ़ किया है कि किसानों को पारंपरिक बीजों के लिए बिना किसी रजिस्ट्रेशन की ज़रूरत के अपने बीज बदलने और बेचने की आज़ादी बनी रहेगी। कुल मिलाकर, नया सीड्स बिल 2026 एक ज़रूरी और बड़ा कानूनी सुधार है जो किसानों को मुआवज़ा, बीज बाज़ार में ट्रांसपेरेंसी, क्वालिटी एश्योरेंस और कॉर्पोरेट कंट्रोल पर रोक का अधिकार पक्का करता है।अच्छी खबर यह है कि नकली बीजों की वजह से पैसे का नुकसान और मानसिक तनाव झेल रहे किसानों को राहत देने के लिए कानूनी नियमों को मज़बूत किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रस्तावित बिल में नकली बीज बेचने पर 30 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल का प्रावधान है। इसके अलावा, सरकार बीजों की कीमत और क्वालिटी को रेगुलेट करेगी, जिससे कंपनियां किसानों से मनमानी कीमतें नहीं वसूल पाएंगी।

नकली बीजों के साथ-साथ नकली खाद की समस्या भी लंबे समय से है। बीज बनाने वालों की तरफ से दिए जाने वाले बीजों की क्वालिटी खराब होने से यह समस्या और बढ़ गई है। मौजूद डेटा के मुताबिक, पिछले पांच सालों में देश में 250,000 से ज़्यादा किसान नकली बीजों की वजह से परेशान हुए हैं। फसल खराब होने से मेंटल स्ट्रेस बढ़ा है और सुसाइड की खबरें भी आई हैं। असल में, एक साल में फसल खराब होने का खामियाजा किसानों को अगले चार से पांच साल तक भुगतना पड़ता है। कर्ज का बोझ भी बढ़ जाता है। देश में शायद ही कोई ऐसा इलाका हो जहां नकली खाद और बीजों का धंधा न हो।जैसा कि एक जाने-माने हिंदी अखबार ने लिखा, सरकार ने लोकसभा में माना है कि साल 2024-25 में टेस्ट किए गए 2.5 लाख सैंपल में से 32,525 बीज नकली पाए गए। मार्केट में कितनी बड़ी मात्रा में नकली खाद और बीज पहुंच रहे हैं, इसका सही डेटा मौजूद नहीं है। किसानों को तब पता चलता है जब उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। हिंदी अखबार यह भी साफ-साफ कहता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं) - साभार

## शब्द पहेली - 8654

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| ■ | 15 | | | | ■ | 16 | | |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | 19 | | ■ | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2


**शब्द पहेली -8653 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| व्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | वा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | य |
| स | ना | त | न | ■ | र | स | खा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 17.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.19 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे, वणिज 17.56 बजे तदनन्तर विष्टि 05.29 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872636
**जूलियन दिन** 2461101.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** फाल्गुन चौमासी चौदस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.34 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.42 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.19 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.35 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.40 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.26 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



### टेलरिंग के व्यवसाय में पूजा को मिला मजबूत आधार

**कोरबा।** जिले की रहने वाली पूजा देवांगन आज आत्मनिर्भरता और नारी सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायी मिसाल बन चुकी हैं। सिलाई-कढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने की उनकी इच्छा ने उन्हें लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा तक पहुँचाया, जहाँ से उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन की शुरुआत हुई। उन्होंने सबसे पहले टेलर दर्जी के बेसिक प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। यह उनके लिए वह पहला अवसर था, जिसने आगे उनकी प्रगति को गति दी। सात दिवस का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें चार हजार रुपये की स्टाइपेंड राशि और एक लाख रुपये तक का बिना गारंटर लोन प्राप्त हुआ, जिसके सहारे उन्होंने अपने छोटे व्यवसाय के काम को आगे बढ़ाना शुरू किया। अपने कौशल को और निखारने के उद्देश्य से पूजा ने आगे एडवांस टेलर दर्जी प्रशिक्षण में प्रवेश लिया। पंद्रह दिवसीय इस प्रशिक्षण ने उन्हें आधुनिक तकनीकों, नए तरीकों से डिज़ाइन तैयार करने और उन्नत उपकरणों के उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्हें प्रतिदिन पाँच सौ रुपये के मान से कुल साढ़े सात हजार रुपये स्टाइपेंड और एक हजार रुपये यात्रा भत्ता भी मिला। साथ ही उन्हें दो लाख रुपये तक का बिना गारंटर ऋण स्वीकृत होने का लाभ भी प्राप्त हुआ, जिससे उनके बढ़ते व्यवसाय को मजबूत आधार मिला।धीरे-धीरे पूजा ने अपने हुनर को कार्य में बदलना शुरू किया और घर पर ही सिलाई का काम शुरू कर दिया। उनके परिश्रम, प्रशिक्षण से मिले आत्मविश्वास और वित्तीय सहायता ने मिलकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया।

### रायपुर में शासकीय जमीन देखने गए पार्षद प्रतिनिधि से लोहे की पाइप से हमला

**डेयरी संचालक पर केस दर्ज, ग्रामीण एसपी को भी सौंपा ज्ञापन**

**विजय मत/रायपुर।** रायपुर के सड्डू क्षेत्र में शासकीय भूमि के सीमांकन से पहले निरीक्षण करने गए पार्षद प्रतिनिधि के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ विधानसभा थाना में बीएनएस की धाराओं 296, 115(2), 351(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चांदनी चौक सड्डू निवासी भारत धीवर (50), जो ग्राम सड्डू के पार्षद प्रतिनिधि हैं, 28 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे अपने साथी शरद उर्फ बंटी पाण्डेय के साथ शासकीय भूमि का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनका कहना है कि वे सीमांकन से पहले यह देखने गए थे कि जमीन सूखी है या नहीं। आरोप है कि उक्त भूमि पर कथित रूप से कब्जा किए हुए चंदन डेयरी के संचालक चन्द्रशेखर यादव और उसके साथियों ने वहां पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों ने लोहे के पाइप से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि रास्ते में बंदूक निकालने की बात कहकर डराने का भी आरोप लगाया गया है। घटना में भारत धीवर और उनके साथी के साथ मारपीट किए जाने की बात कही गई है। मामले की शिकायत थाना विधानसभा में दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। भारत धीवर ने ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आदित्य अकैडमी बालपन प्ले स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**नारायणपुर/एमसीबी**

आदित्य अकैडमी बालपन प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रत्ना नसीने प्राचार्य कृषि महाविद्यालय एवं राष्ट्रपति अवॉर्ड उपस्थित थीं।तथा विशिष्ट अतिथि अनिता कोरोटी पूर्व पार्षद एवं सत्यशिला मेश्राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुंदर संचालन श्रीमती रामेश्वरी यादव एवं निकहत परवीन द्वारा किया गया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि नसीने मेडम ने भी बच्चों ने ट्रॉफिक के नियमों के बारे में बताए उसकी तारीफ की और सभी को ट्रॉफिक के नियमों को मानने के लिए कहा , विशेष अतिथि अनीता मेडम ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की एवं सत्यशिला मेश्राम मेडम ने भी सभी बच्चों बहुत अच्छी प्रस्तुति के लिए बधाई दी विद्यालय के डायरेक्टर श्री नरेंद्र मेश्राम ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आदित्य एकेडमी स्कूल में बच्चों को किताबों के पढ़ाई के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा एवं देश भक्ति की भी शिक्षा दी जाती है एवं आने वाले समय में बच्चों के पढ़ाई के लिए नई नई तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा एवं उज्वल भविष्य की कामना की मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि को स्कूल संस्था की तरफ से प्रतीक चिन्ह के रूप में मोमेंटो दिया गया।










अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के रिंकी कवाची, नैना जैन, पूजा साहू, मणिका शर्मा, राजेश्वरी पोयम, नीलम कड़ियेआम, यामिनी मंडावी, मधु पाठक, दीपिका, रमशिला, चमेली, ललिता, सरिता, जानकु राम, रतन कुमार, मुकेश ठाकुर सभी ने अपना पूरा सहयोग किया जिस से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

## जिला भाजपा युवा मोर्चा का हुआ विस्तार गजेन्द्र मोनू राठौर बने जिला उपाध्यक्ष

**विजय मत/सक्ती।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्ग दर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी रामू रोहरा एवं जिला प्रभारी मनोज शर्मा के निर्देशानुसार व भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा व जिला भाजपा अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल के सहमति युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अलोक पटेल ने जिला पदाधिकारी की सूची जारी किया जिसमें जिला ऊर्जावान युवा नेता गजेन्द्र मोनू राठौर को जिला उपाध्यक्ष बने हैं जो 12 वर्षो से सक्रिय राजनीति युवा मोर्चा के विभिन्न पदों निर्वहन किए हैं संगठन में सक्रियता और कार्य शैली को देखते हुए फिर से उन्हें नई दावित्य सौंपते हुए शक्ति जिले की युवा मोर्चा उपाध्यक्ष से बनने पर बधाई का तांता लगा रहा।



## कृषक उन्नति योजना से मजबूत हो रहा किसान: महेश कश्यप

**बकावंड में वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन**

**किसानों ने माना भाजपा सरकार का आभार**

**समृद्ध किसान,सशक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प है हमारा: कश्यप**





**विजय मत/बकावंड**

बस्तर जिले की बकावंड तहसील में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप थे। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान भाई बहनों की उपस्थिति रही।

इस दौरान सांसद महेश कश्यप ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के तहत समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान होली पर्व से पूर्व उनके खातों में अंतरित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की गई है। श्री कश्यप ने कहा कि बीते दो वर्षों में इस योजना के तहत 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है, जो अब बढ़कर 35 हजार करोड़ रुपए हो गया है। यह निर्णय किसानों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शुभाऊ राम कश्यप, जनपद अध्यक्ष सोनभारी भद्रे, भाजपा जिला महामंत्री परिस बेसरा, तरुण पांडेय, धनुर्जय कश्यप, रोहित त्रिवेदी, शशिनाथ पाठक सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

## कारपावंड वन क्षेत्र के जंगल में लगी आग वन विभाग की तत्परता से पाया गया काबू

**विजय मत/बकावंड**

विकासखंड के अंतर्गत वन परिक्षेत्र कारपावंड क्षेत्र के जंगल में संवरा और सुआचोड़ के बीच शनिवार को अचानक आग लग गई। जंगल में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा वन संपदा को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई थी।

बताया जा रहा है कि उसी दौरान वहां से गुजर रहे मीडिया कर्मियों की नजर जंगल में लगी आग पर पड़ी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया और तुरंत अग्निशमन दल एवं वन कर्मचारियों की टीम मौके पर रवाना की गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर नियंत्रण पाया और समय रहते आग को फैलने से रोक दिया। इससे बड़े नुकसान की संभावना टल गई। विभाग द्वारा आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय पर सूचना और कार्रवाई नहीं होती तो आग आसपास के बड़े जंगल क्षेत्र को अपनी चपेट में ले सकती थी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगल क्षेत्रों में आग से संबंधित किसी भी घटना की जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते नियंत्रण किया जा सके।



## बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासनिक मुस्तैदी: सचिवों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

**बेमेतरा।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभागार में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बाल संरक्षण अधिनियम 2015 के संबंध में एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा की गई। कार्यक्रम में विकासखंड नवागढ़, बेरला एवं बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पत्र 16 जनवरी 2025 को जारी अधिसूचना के माध्यम से राज्य के ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है।

## टक्कर के बाद ट्रेलर-हाईवा में लगी आग, दोनों चालकों की मौत...



**विजय मत/रायगढ़।** रायगढ़ जिले के रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। घरघोड़ा से कुडुमकेला के बीच कुरकुट नाला के पास एक तेज रफ्तार हाईवा और ट्रेलर के बीच हुई आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के चालकों की केबिन के भीतर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां पलक झपकते ही आग के गोले में तब्दील हो गईं और ड्राइवरों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि लोग भी चाहकर भी उनकी मदद नहीं कर पाए और देखते ही देखते दोनों चालक आग की भेंट चढ़ गए।

## ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प जन-जागरूकता अभियान बना जनआंदोलन

**विजय मत/बालोद**

वनमंडल बालोद के वनग्राम बड़भूम, परिक्षेत्र गुरूर में वन विभाग और अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा, मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी और ग्रामीणों में सतत जागरूकता विकसित करना रहा।

अभियान के दौरान ग्रामीणों को वन्यजीवों से संभावित खतरों, सुरक्षा उपायों, संघर्ष की स्थिति में अपनाए जाने वाले व्यवहारिक कदमों तथा शासन की मुआवजा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मानव जीवन की सुरक्षा के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण को अभियान का मुख्य लक्ष्य बताया गया।

कार्यक्रम को जनसुलभ और प्रभावी बनाने के लिए विद्यार्थियों को लोकनृत्य, चित्रकला, पोस्टर, स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिताओं से जोड़ा गया। कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश सरल भाषा में ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। इन नवाचारों से कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।




**पर्यावरण संरक्षण का संकल्प**

कार्यक्रम में पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के उपयोग को बढ़ावा देने और वन संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। 'अर्थ रिट्रीट' की फाउंडर अनुभा द्विवेदी ने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, वर्मीकम्पोस्ट और स्वरोजगार के विषय में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि वनमंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मानव और वन्यजीवों के बीच संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हम और वन दोनों एक-दूसरे के मित्र हैं, यह मित्रता पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ती रहे, यही हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने जल स्रोतों की सुरक्षा, जंगल में सतर्कता बरतने और किसी भी वन्यजीव गतिविधि की तत्काल सूचना विभाग को देने की अपील की। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हीराबाई, एसडीओ साहू एवं डोंगरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी भंडारी, डिप्टी रेंजर सहित विभागीय अमला, विद्यार्थी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बोगान में पहली बार आयोजित गायत्री पंचकुंडीय महायज्ञ में सात जोड़ों का सामूहिक विवाह

**जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप मंडावी हुए शामिल**

**विजय मत/ओरछा/नारायणपुर**

नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गोमे के आश्रित ग्राम बोगान में गायत्री पंचकुंडीय महायज्ञ एवं सात जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन उस क्षेत्र में हुआ है जिसे कभी नक्सलवाद का गढ़ माना जाता था और आज भी अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

ओरछा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे बोगान गांव में आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहली बार इस अति संवेदनशील क्षेत्र में गायत्री पंचकुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।






कार्यक्रम के दौरान सात जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। मंत्रोच्चार और हवन की पवित्र अग्नि के बीच नवदंपतियों ने सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता और उत्सव का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री प्रताप मांडवी एवं उस क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति नेताम ने नव दंपतियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी एवं इस प्रकार के धार्मिक आयोजन की तारीफ की। इस आयोजन में कई जनप्रतिनिधि, गायता, पटेल आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने क्षेत्र में शांति, सद्भाव और विकास की दिशा में ऐसे आयोजनों को सकारात्मक पहल बताया।ग्रामीणों का कहना है कि जिस क्षेत्र में कभी भय और असुरक्षा का माहौल रहता था, वहां आज धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन बदलाव का संकेत है। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## हुड़दंग करने वाले पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश, पुलिस का साफ संदेश शांति से मनाए होली, पंकज पटेल



**संवेदनशील इलाकों में चौकसी, हर मूवमेंट पर नजर**

**विजय मत/सक्ती।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उतई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंच, पंच और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सभी से राय ली गई और क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने पर जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, शराब के नशे में उत्पात या माहौल बिगाड़ने की कोशिश को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है, हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी और अतिरिक्त पुलिस बल के साथ लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। दंगा-फसाद फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल जनप्रतिनिधियो नागरिकों ने भी प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग देने की बात कही बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदरअग्रवाल, एसडीओपी भुनेश्वरी पैकरा थाना प्रभारी लखन पटेल नायब तहसीलदार सहित नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि पुलिस विभाग टीम उपस्थित थे।

# खड़ी है पानी टंकी, लग गए हैं नल, फिर भी प्यासे हैं ग्रामीण

## पल्लीभांठा में दो दिन से ठप है जलापूर्ति, पानी के लिए भटक रहे हैं ग्रामीण





**विजय मत/जगदलपुर।** बढ़ते तापमान और लगातार गिरते भू-जल स्तर के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। शासन द्वारा पानी टंकी निर्माण एवं नल-जल योजना के तहत घर-घर तक पाइप लाइन बिछाए जाने और नल कनेक्शन दिए जाने के बावजूद कई गांवों में लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसा ही मामला बस्तर विकासखंड के पल्लीभांठा गांव से सामने आया है, जहां पानी टंकी निर्माण और नल कनेक्शन लगाए जाने के बाद भी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ पा रही है।ग्रामीणों के अनुसार टंकी से पानी का समुचित वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं निर्माण कार्य में खामियों के चलते टंकी एवं पाइप लाइन से लगातार पानी का सीपेज हो रहा है, जिससे गांव तक पहुंचने वाला पानी बीच रास्ते में ही व्यर्थ बह जा रहा है। पिछले दो दिनों से नल-जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद होने से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में महिलाओं को दूरस्थ जल स्रोतों से पानी लाकर दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं।

समस्या से आक्रोशित गांव की महिलाओं ने पानी टंकी के नीचे एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने जल्द समाधान की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या से अवगत कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एचएल नेताम से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया।

# राजयसभा चुनाव: आम जनता की निगाहें दीपक बैज पर

**विजय मत/जगदलपुर**



राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अभी कांग्रेस और बीजेपी ने अपने उम्मीदवार अभी घोषित नहीं किए हैं, किंतु इस उच्च सदन का सदस्य बनने के इच्छुक दावेदार अपने नेताओं के माध्यम से दिल्ली तक दौड़ लगाने लगे हैं।

बीजेपी में अक्सर चौंकाने वाले फैसले लेकर प्रत्याशियों की घोषणा की जाती है। इस कारण भाजपा प्रत्याशी को लेकर अटकल लगाना बेमानी है।वहीं दूसरी ओर कांग्रेस में एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति रहती है। पिछले विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में शिकस्त खाने के बावजूद कुछ कांग्रेसी नेता अपनी उपस्थिति का अहसास आलाकमानको कराने लगे हैं और अपना नाम भी हाई कमान तक पहुंचा रहे हैं। हाल फिलहाल मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा से पूर्व मंत्री टीएस सिंह देव, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम और साथ राज्यसभा रह चुकीं फूलो देवी नेताम के नाम कांग्रेस से सामने आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन के दौरान मुख्यमंत्री पद के लिए टीएस सिंहदेव की जिद पूरे छत्तीसगढ़ ने देखी है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी परेशानी में डाल दिया था। टीएस सिंहदेव के राजहठ के कारण उस समय राज्य में कांग्रेस की बड़ी फजीहत हुई थी। कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाकर जैसे तैसे मामला शांत किया था। इसके अलावा कई ऐसे अवसर भी आए जब बाबा की कार्यप्रणाली और बयानबाजी के कारण कांग्रेस की किरकिरी होती रही है। दुसरी ओर फूलो देवी नेताम के बारे में कहा जाता है कि उनमें मुखरता और आक्रामकता का सर्वथा अभाव है।

महिला और आदिवासी होने के दम पर वे पुन: दावा कर रही हैं ।उनके पास कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस समर्थक नागरिक और समर्पित कांग्रेसी चाहते हैं कि लोकसभा में बस्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को कांग्रेस की ओर से राज्यसभा में भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में दीपक बैज हमेशा मुखर रहते थे, सांसद रहते उन्होंने बस्तर, छत्तीसगढ़ एवं आदिवासी समुदाय के हितों के लिए दमदारी से आवाज लोकसभा में उठाते रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उन्होंने खनिज संपदा, जल, जंगल, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए बेशुमार पदयात्राएं की हैं। छत्तीसगढ़ में दीपक बैज द्वारा की गई पदयात्राओं का कोई मुकाबला नहीं है। एक दमदार, सुशिक्षित, शांत एवं सौम्य आदिवासी नेता के रूप में दीपक बैज की अपनी विशिष्ट पहचान है।

## प्रवेश द्वार भानुप्रतापपुर से जगदलपुर तक चला स्वागत का सिलसिला

# विधायक लखेश्वर बघेल उपनेता प्रतिपक्ष बनते ही बस्तर में शक्ति प्रदर्शन, स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**बलौदा बाजार/जगदलपुर**







छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए जाने के बाद बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के प्रथम बस्तर आगमन पर पूरे बस्तर संभाग में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों द्वारा श्री बघेल का जगह-जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अजेय योद्धा एवं 卐बस्तर टाईगर卐 के नाम से प्रसिद्ध विधायक लखेश्वर बघेल के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार पर लखेश्वर बघेल का भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात कांकेर रेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला एवं नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। कोंडागांव पहुंचने पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस में आत्मीय स्वागत किया। वहीं नारायणपुर में पूर्व विधायक चंदन कश्यप के नेतृत्व में विशाल जनसमर्थन के साथ भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने श्री बघेल का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने यूथ कांग्रेस के साथियों का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात बस्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रवेश द्वार बालेंगा में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सरपंचों द्वारा हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया गया बस्तर के मुख्य चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महिला कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी एवं यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे एवं नारों के साथ भव्य स्वागत किया। बस्तर से आगे रवाना होने पर कुदालगांव के समीप सरपंच साथियों, महिला एवं युवा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। जगदलपुर शहर में आगमन पर कार्यालय एवं निवास स्थल में करपावंड एवं बकावंड क्षेत्र के अध्यक्षों, सरपंचों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह और जोश के साथ नारेबाजी, गाजे-बाजे एवं आतिशबाजी के बीच स्वागत किया।

### जनता का स्नेह मेरा संबल: बघेल

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वर्ष उनके सार्वजनिक जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के स्नेह, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग तथा जनता के अपार आशीर्वाद से उन्हें भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस का सलाहकार सदस्य बनने का अवसर मिला, साथ ही छत्तीसगढ़ उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया गया और अब उपनेता प्रतिपक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है ।उन्होंने कहा कि यह सभी उपलब्धियां व्यक्तिगत नहीं बल्कि बस्तर की जनता, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके निरंतर सहयोग एवं जनसमर्थन का परिणाम हैं श्री बघेल ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी जनता का स्नेह एवं सहयोग इसी प्रकार बना रहेगा और वे बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ की आवाज को मजबूती से विधानसभा में उठाते रहेंगे।

### देर रात तक स्वागत का दौर

रात्रि होने के बावजूद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, महिला कांग्रेस एवं यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लगातार स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर अपनी खुशी व्यक्त की। इसके बाद जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में भी कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। निवास स्थल पहुंचने पर श्री बघेल की धर्मपत्नी एवं परिवारजनों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया, वहीं कार्यालय स्टाफ ने भी स्वागत कर अपनी सहभागिता निभाई।

# बस्तर में समावेशी शिक्षा की नई अलख दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पहल





**विजय मत/जगदलपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार और बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान के लिए आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का खंड स्रोत समन्वयक कार्यालय जगदलपुर में समापन हुआ। इस विशेष आयोजन ने बस्तर जिले में समावेशी शिक्षा की संकल्पना को एक नई दिशा प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर में जिले के सभी सात विकासखंडों से आए 55 प्राथमिक और 55 उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों सहित कुल 165 दिव्यांग छात्र, उनके अभिभावकों, बीआरपी और अटेंडेंट को मिलाकर लगभग 180 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

**तीन दिवसीय शिक्षक व अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने समावेशी शिक्षा के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए दिव्यांग छात्रों के अधिकारों और उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने पर जोर दिया। सत्रों में विशेष रूप से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत चिन्हित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से परिचय कराया गया और पाठ्यक्रम अनुकूलन व प्रभावी कक्षा रणनीतियों को साझा किया गया। आधुनिक युग की जरूरतों को देखते हुए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के गुर भी सिखाए गए, ताकि दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जा सके। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की नवीन अवधारणाओं से अवगत कराते हुए दिव्यांग छात्रों की स्कूलों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त करने की विधि तथा शासन एवं समग्र शिक्षा की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में शिक्षकों और अभिभावकों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। इस वृहद आयोजन की सफलता में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन के साथ-साथ जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डे, समावेशी शिक्षा प्रभारी राजेश त्यागी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मतिउर रहमान, बीआरपी सुरेश गुप्ता, चंद्रशेखर नायडू, तेजमणी दास, अचिंत्य दास, वंदना जैन, रोहित जाधव एवं स्पेशल एजुकेटर सचिन कुर्रे का सराहनीय योगदान रहा।

# मावलीपदर के फागुन मड़ई मेला में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव



## ग्रामीणों ने किरण सिंह देव का किया भव्य स्वागत


जगदलपुर। विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के मावलीपदर में प्रतिवर्ष वार्षिक फागुन मेला मड़ई का आयोजन होता है। इस वर्ष भी यह आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव भी शामिल हुए। किरण सिंह देव ने सबसे पहले गांव के मंदिर में पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना माता से की। ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर बाजे गाजे के साथ स्वागत अभिनंदन किया। मड़ई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि मावलीपदर मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मड़ई में शामिल होकर और आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। उन्होंने मेले में आए क्षेत्र के जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री देव ने कहा कि बस्तर में आयोजित होने वाले मेला, मड़ई का विशेष महत्व होता है। इसमें हमारे बस्तर की कला संस्कृति, परंपरा का समावेश होता है। वहीं मेला में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, लखीधर बघेल, गागरा राम, संरपंचगण, सीईओ वीरेंद्र बहादुर, पुजारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## इतना मुस्तैद है बस्तर में प्रशासन!

# छुट्टी के दिन जारी कर दिया स्थगन आदेश, सक्रियता पर सवाल

**विक्रम कौशल**

**विजय मत/जगदलपुर।** पीड़ित ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटते काटते बुढ़ा जाते हैं, फिर भी उन्हें समय पर इंसाफ नहीं मिल पाता। वहीं बस्तर के फ्रेजरपुर के एक जमीन विवाद के मामले तहसीलदार द्वारा दिखाई गई गजब की और संदिग्ध सक्रियता ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। आज 1 मार्च को रविवार अवकाश के बावजूद तहसीलदार ने जमीन संबंधी मामले में जो सक्रियता दिखाई है, वह चर्चा का विषय बन गई है।



न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ0ग0
//स्थगन आदेश//

क्रमांक /303/प्रवा0/तह0/2026 , जगदलपुर दिनांक 01/03/2026
प्रति ,
1- श्री उमाशंकर शुक्ला पिता स्व0 गदाधर शुक्ला, निवासी- वर्धमान कॉलानी, जगदलपुर जिला बस्तर छ0ग0।
2- श्री मुरली नायडू, पिता नामालूम, निवासी- धरमपुरा नंबर 01 ड्रीम हाउस मकान नंबर 2 जगदलपुर जिला बस्तर छ0ग0।

—00—

आवेदकगण श्री अमित कुमार दास पिता स्व0 अजय दास निवासी- शिवमंदिर वार्ड, महादेव घाट, जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ0ग0 एवं अन्य 06 के द्वारा इस आशय से आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम फ्रेजरपुर प0ह0नं0- 09 रा0नि0मं0- फ्रेजरपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा नंबर 1/1/फ/द/25, 1/1/फ/द/26, 1/1/फ/व/1, 1/1/फ/व/27, 1/1/फ/व/29, 1/1/फ/व/8, 1/1/फ/व/25 राजस्व अभिलेखों में आवेदकगणों के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि पर आवेदकगणों का कब्जा है एवं पक्का बाउण्ड्रीवाल बनाया गया है, जिस पर आपके द्वारा दिनांक 01/03/2026 को जबरन अनाधिकृत रूप से JCB लगाकर के बाउण्ड्रीवाल तोड़कर कब्जा किया जा रहा है। उक्त प्रतिक्रिया को आवेदकगण के द्वारा तत्काल प्रभाव से रोक लगाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः आवेदकगण के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर विचारोपरांत आपके द्वारा किये जा रहे प्रतिक्रिया/निर्माण कार्य को इस न्यायालय के आगामी आदेश पर्यन्त तक तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है।

उपरोक्त संबंध में किसी भी प्रकार का जवाब या संबंधित भूमि का दस्तावेज हो तो इस न्यायालय के आगामी सुनवाई तिथि 05/03/2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 01/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा सहित जारी

तहसीलदार
फ्रेजरपुर जिला बस्तर
जगदलपुर ,दिनांक 01/03/2026

पृ0क्रमांक /304/प्रवा0/तह0/2026 .
प्रतिलिपि-
1- थाना प्रभारी, थाना बोधघाट, जगदलपुर जिला बस्तर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2- श्री अमित कुमार दास पिता स्व0 अजय दास निवासी- शिवमंदिर वार्ड, महादेव घाट जगदलपुर जिला बस्तर छ0ग0 एवं अन्य 06 को सूचनार्थ।

तहसीलदार
फ्रेजरपुर जिला बस्तर

मामला जगदलपुर तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल फ्रेजरपुर के पटवारी हल्का नंबर 09 के खसरा नंबर 1 के विभिन्न भूखंडों को लेकर विवाद से जुड़ा हुआ है। तहसीलदार द्वारा वर्धमान कॉलोनी जगदलपुर निवासी अनावेदक उमाशंकर शुक्ला और मुरली नायडू के खिलाफ जारी स्थगन आदेश में कहा गया है कि उक्त भूखंड राजस्व अभिलेख में शिव मंदिर वार्ड निवासी अमित कुमार दास एवं अन्य छह लोगों के नाम पर दर्ज हैं। इन भूखंडों पर आवेदकों ने बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया था, जिसे आज 1 मार्च 2026 को आनवेदकों द्वारा जेसीबी से तोड़ कर भूखंडों पर कब्जा किया जा रहा है। आवेदक ने उक्त प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए आवेदन किया है। आवेदन पर विचारण उपरांत प्रतिक्रिया और निर्माण पर आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। अगर आपके पास उक्त जमीन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज हैं, तो आगामी 5 मार्च को स्वयं अथवा अपने वकील के माध्यम से तहसील न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तरह के विवाद तो सामान्य बात हैं, मगर इस मामले में बड़ी बात यह है कि कथित अनावेदकों ने आज 1 मार्च को कब्जे की कोशिश की, 1 मार्च को रविवार छुट्टी के आवेदक ने तहसील न्यायालय में आवेदन किया और तहसीलदार ने कार्यालय खोल कर स्थगन आदेश भी जारी कर दिया। रविवार के साप्ताहिक अवकाश के दिन दिखाई गई इस प्रशासनिक तत्परता ने नई बहस को जन्म दे दिया है। सूत्र बताते हैं कि जमीन दलाल और भू माफिया का गिरोह अपनी व्यक्तिगत धौंस जमा कर राजस्व विभाग के अधिकारियों से कभी भी कोई भी आदेश निकलवा लेते हैं, जबकि साधारण लोगों को अपने हक के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## पत्रकारों के हित में काम करने का लिया संकल्प

# सुकमा प्रेस क्लब के संजय सिंह अध्यक्ष, जगदीश माहेश्वरी उपाध्यक्ष मनोनीत

**विजय मत/सुकमा**





जिले के पत्रकारों की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सुकमा जिला प्रेस क्लब का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकारों को दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे संगठन को सशक्त और प्रभावी नेतृत्व मिल सके।

संघ के अध्यक्ष संजय (रिंटू) सिंह भदौरिया मनोनीत किए गए हैं। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में अमन सिंह भदौरिया एवं जगदीश माहेश्वरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद की जिम्मेदारी पवन शाहा को, सह सचिव के रूप में रफीक खान को तथा कोषाध्यक्ष के रूप में लीलाधर राठी को नियुक्त किया गया है। संगठन को अनुभवी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु वरिष्ठ पत्रकार पीसा राजेंद्र, जोगराज जैन, आशीष दुबे एवं राजा राठौर को संरक्षक नामजद किया गया है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संघ को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त 13 पत्रकारों को कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो संगठन की गतिविधियों, कार्यक्रमों और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवगठित संघ ने स्पष्ट किया है कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही जिले में पत्रकारों के बीच समन्वय, संवाद और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया।

जिले के पत्रकारों ने इस गठन को ऐतिहासिक बताते हुए उम्मीद जताई है कि सुकमा जिला पत्रकार संघ आने वाले समय में पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करेगा और संगठनात्मक एकता का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।कार्य समिति सदस्य डमरू राम, जयपाल सिंह, नवीन डांधडे, सुजीत वैदिक, राहुल राजपूत, समीर कीर्तन, ज्ञानेंद्र सिंह, अंकित चौहान, माड़वी पवन, राजकुमार श्रीवाने, गौरव सिंह राठौर, आदर्श शुक्ला, वरुण नायडू, मोहम्मद रफीक मनोनीत किए गए हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप-साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया,ग्रुप-1 के टॉप पर फिनिश किया



**नई दिल्ली, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया। टीम ने ग्रुप-1 के पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर रहते हुए फिनिश किया है। टीम 4 मार्च को कोलकाता में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

रविवार के पहले मैच में नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। जिम्बाब्वे की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 5 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया है।

डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। सिकंदर रजा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने 73 रन की पारी भी खेली। रजा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मैच का स्कोरबोर्ड

**जिम्बाब्वे:** ब्रायन बेनेट, तादिवानाशे मरुमनी, डायन मायर्स, सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, टोनी मुनयोंगा, क्लाइव मदांडे, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ग्रीम क्रेमर और ब्लेसिंग मुजरबानी।

साउथ अफ्रीका: ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रायन रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्त्या, क्वेना मफाका और लुंगी एनगिडी।

क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे ञ20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम 'स्क्क्षक्र ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए।

## पाक कप्तान बोले, कोच हेसन के साथ खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेंगे

**पालीकेल्ली ।** पाकिस्तान रि केट टीम अपने तीसरे सुपर-8 मैच में जीत के बाद भी कम रन रेट के कारण आईसीसी टी20 विश्व कप से बाहर हो गयी। पाक टीम के पास अधिक अंतर से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाने का अवसर था पर वह उसे भुना नहीं पायी। इससे कप्तान सलमान अली आगा खासे नाराज हैं। उन्होंने टीम की कम अंतर से जीत के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने ये भी कहा कि टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी वह और माइक हेसन अपने ऊपर लेते हैं। पाक ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाये और पांच रन से जीत हासिल की पर उन्हें श्रीलंका को 147 या उससे कम रन पर आउट करना जरुरी था। इसमें असफल होने से टीम का सेमीफाइनल का सपना टूट गया। आगा ने माना है कि टीम ने सभी क्षेत्रा में खराब प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच के बाद कहा, "अगर मैं पूरे टूर्नामेंट को देखूं, तो मुझे लगता है कि हमने औसत से नीचे रि केट खेली. हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाये। अगर साहिबजादा फरहान को ज्यादा साथ मिलता, तो बेहतर होता। मध्यर म पिछले कुछ सालों से रनों के मामले में कमजोर बना हुआ है, और हमें उस पर ध्यान देना होगा।"

## आईपीएल 2026 सत्र के लिए नई जर्सी पेश की

**चेन्नई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 सत्र के लिए अपनी नई जर्सी पेश की है। फ्रेंचाइज़ी ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा सरफराज खान और आयुष म्हात्रे एक्टिंग करते हुए नजर आते हैं ! इसके बाद गायकवाड़ एक बैग से पीली जर्सी निकालते हैं। इस जर्सी के पीछे धोनी का नाम लिखा होता है और उनका पसंदीदा नंबर 7 भी छपा हुआ रहता है। इसके बाद एमएस धोनी की एंट्री धमाकेदार अंदाज में होती है। वीडियो में धोनी पहले बाइक चलाते हुए नजर आते हैं। फिर उन्हें कार में देखा जाता है। अब सीएसके के प्रशंसक इस वीडियो को खासा पसंद कर रहे हैं।

आईपीएल के पिछले सत्र में सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था और टीम 14 में से केवल 4 मैच पायी थी। इससे वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रही थी। इस बार टीम का लक्ष्य बेहतरर प्रदर्शन रहेगा।

## हीली ने विदायी मैच में लगाया शतक भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**मुम्बई,एजेंसी**

होबार्ट । ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने अपने करियर के अंतिम मैच में शतकीय पारी खेलकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के इस मैच में हीली ने 79 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं वहीं 98 गेंदों पर 158 रन का बनाकर वह पेवेलियन लौटी।अपनी पारी में हिली ने 27 चौके और दो छक्के लगाये। हीली के विदायी मैच में शतक को देखकर उनके पति मिचेल स्टार्क भी बेहद खुश नजर आये। हीली के शतक पूरा करते ही स्टार्क उत्साहित नजर आये।

भारतीय टीम ने इस तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम जब मैदान पर उतरी तो उन्होंने दो लाइन में खड़े होकर हीली को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारतीय टीम के इस रवैये की प्रशंसा हो रही है। हीली ने जनवरी में ही सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। एकदिवसीय के बाद हीली 6 मार्च को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दिन-रात के एकमात्र टेस्ट के दौरान अंतिम बार मैदान पर उतरेंगी।

गौरतल है कि हीली ने फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था और एकदिवसीय द्व में 3500 से ज्यादा रन बनाए हैं। टी20द्व में उनके नाम 25.45 की औसत से 3054 रन दर्ज है।

## कादिर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के टी20 विश्वकप 2026 से बाहर होते ही टीम के स्पिनर उस्मान कादिर ने टीम को सेवाएं देने के लिए संन्यास छोड़कर मैदान में वापसी की घोषणा की है। कादिर ने साल 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वहीं अब उन्होंने कहा है कि वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। । कादिर ने संन्यास से वापसी की घोषणा सोशल मीडिया पर भी साझा की है।

इस स्पिनर ने सोशम मीडिया में लिखा, ÷ऑस्ट्रेलिया में लीग क्रिकेट में ससफल समय के बाद, मैंने खेल में वापसी का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मेरा समय बहुत बदलाव लाने वाला था। 41 विकेट लेने के बाद मुझे लगा कि अभी भी मैं विश्वस्तर पर योगदान दे सकता हूं।

## श्रीलंकाई कप्तान ने विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान दासुना शनाका ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी है। साथ ही कहा कि भाग्य के साथ नहीं देने के कारण वह अपनी धरती पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में असफल रहे। शनाका ने कहा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ जीत सकते थे पर अंतिम क्षणों में विफल रहे। वह टीम के प्रदर्शन से भी निराश हैं, क्योंकि सात मैच इस टूर्नामेंट में श्रीलंका की टीम ने अपनी धरती पर खेले, जिनमें से वह केवल तीन ही जीत पायी। तीन मैच इसमें सुपर 8 के भी शामिल थे, जिसके कारण ही टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पायी। शनाका ने मैच के बाद कहा, बिल्कुल यह बहुत करीबी मैच था। मैं इसे फिनिश कर सकता था पर ऐसा नहीं हो पाया। पाक गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने अच्छी गेंदबाजी की। श्रीलंका की टीम के अभ्यान को लेकर कहा, यह हमारे लिए कठिन रहा है। हां, हमें कुछ चोटें आईं। हमने दर्शकों को निराश किया। मैं सभी प्रशंसकों से माफी मांगना चाहता हूं, क्योंकि,




आप जानते हैं हम कई खिलाड़ियों के फिट नहीं होने से हारे। भविष्य में, अगर कोई चोट नहीं लगी, तो मुझे लगता है कि यह टीम बहुत अच्छा करेगी।

हमें वानिंदू हसरंगा और पथिराना की कहा, उनकी कमी खली। विश्व कप के समय, आप जानते हैं, हमें अपने खिलाड़ियों की यहां जरूरत होती है और यह हमारी ताकत है। हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये अच्छा है।

वहीं आलोचकों के भड़कने पर शनाका ने कहा, कभी-कभी खिलाड़ी होने के नाते, हम भी दबाव महसूस करते हैं। ऐसे में यह मेरी गलती थी। मैं सभी प्रशंसकों को निराश करने के लिए माफी चाहता था। मैं वादा करूंगा कि मैं ऐसा दोबारा न करूं। उन्होंने पवन रथनायके के प्रदर्शन की भी प्रशंसा जिन्होंने सभी का ध्यान खींचा।

### हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है


विश्व कप के समय, आप जानते हैं, हमें अपने खिलाड़ियों की यहां जरूरत होती है और यह हमारी ताकत है। हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है। श्रीलंकाई रि केट के लिए ये अच्छा है। वहीं आलोचकों के भड़कने पर शनाका ने कहा, कभी-कभी खिलाड़ी होने के नाते, हम भी दबाव महसूस करते हैं। ऐसे में यह मेरी गलती थी। मैं सभी प्रशंसकों को निराश करने के लिए माफी चाहता था। मैं वादा करूंगा कि मैं ऐसा दोबारा न करूं। उन्होंने पवन रथनायके के प्रदर्शन की भी प्रशंसा जिन्होंने सभी का ध्यान खींचा।

कप्तान ने कहा, वह लगातार अच्छा कर रहा है और र ीज का बहुत अच्छा इस्तेमाल कर रहा है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा वेलालगे ने भी अच्छा खेला है। उम्मीद है, उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। इसके बाद प्रशंसकों के लिए एक संदेश देते हुए कप्तान ने कहा, "पहले ही बहुत-बहुत धन्यवाद। सबको समर्थन करते हुए देखकर हमें मैच जीतने की उम्मीद थी।

## रुस के मेदवेदेव ने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप जीती



**मुम्बई,एजेंसी**

दुबई । रुस के दानिल मेदवेदेव ने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप का पुरुष एकल खिताब जीता है। मेदवेदेव को खिताबी मुकाबले में बिना किसी संघर्ष के ये खिताब मिल गया क्योंकि विरोधी डच खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण फाइनल से हट गए थे। ग्रीक्सपूर को आंद्रेई रुब्लेव के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में यह चोट लगी थी। यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल खिताब है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सत्र का उनका दूसरा खिताब है। यह पहली बार भी है जब इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने साल 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी रैंकिंग में 11 वें नंबर के मेदवेदेव नंबर 10 पर रहे अलेक्जेंडर बुब्लिक से केवल 45 अंक पीछे हैं, वह वहीं एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, यही इसकी खास बात है।

**व्यापार**

# एआई बदलाव लाएगा, रोजगार पूरी तरह खत्म नहीं होंगे, नई नौकरियों पैदा होंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेजान के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंका को जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। एक मीडिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि एआई पूरी तरह रोजगार समाप्त नहीं करेगा, बल्कि काम करने के तरीके में बदलाव लाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले 20-30 वर्षों में जिन कार्यों में ज्यादा मानव श्रम लगा, भविष्य में उनमें कम कर्मचारियों की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि नौकरियां पूरी तरह खत्म हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि हर बड़ी तकनीकी क्रांति की तरह, एआई भी कुछ कामों को बदलकर नई नौकरियां पैदा करेगा। पिछले 20-30 सालों में जिन कामों के लिए हमने बड़ी संख्या में लोगों को लगाया, भविष्य में उतने लोगों की जरूरत नहीं होगी। लेकिन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। मार्गन स्टैनली की एक हालिया रिपोर्ट में भी कहा गया है कि एआई का दीर्घकालिक प्रभाव उतना गंभीर नहीं हो सकता जितना लोग सोच रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुछ भूमिकाएं ऑटोमेट हो सकती हैं, लेकिन ज्यादातर कर्मचारी स्थायी रूप से बेरोजगार नहीं होंगे। वे नई तरह की नौकरियों में शिफ्ट होंगे, जिनमें से कई अभी अस्तित्व में भी नहीं हैं। रिपोर्ट में पिछले 150 वर्षों की तकनीकी क्रांतियों–जैसे बिजली, मशीनीकृत खेती, कंप्यूटर और इंटरनेट–का उदाहरण दिया गया है। इन बदलावों ने उद्योगों और काम करने के तरीकों में बदलाव लाया, लेकिन मानव श्रम को खत्म नहीं किया।

जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग (एमआरओ)सुविधा विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर की एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी ने इस सुविधा में निवेश की इच्छा जताई। योजना के तहत 1365 हेक्टेयर भूमि पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के साथ-साथ एविएशन उद्योग की स्थापना होगी, जिससे बोइंग और एयरबस जैसे विमान और उनके पुर्जों का निर्माण भी संभव हो सकेगा।

सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने कई एमओयू किए। जापान में भी जापानी कंपनियों ने वायईआईडीए क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। क्यबोटा, होंडा, मिंडा स्पार्क, डेंसो, डेब्रू, सुजुकी मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे।

## वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में 15,000 करोड़ निवेश करेगा

**तूतीकोरिन ।** वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह, जो तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है, अपनी आउटर हार्बर परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश बंदरगाह की मौजूदा ढांचा उन्नयन और नई तकनीक में किए गए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से अलग है। परियोजना का लक्ष्य बंदरगाह को दक्षिण भारत का प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनाना और श्रीलंका, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करना है। वर्तमान में बंदरगाह की वार्षिक माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन है। आउटर हार्बर परियोजना के तहत दो चरणों में 2027 और 2030 तक क्षमता में 40 लाख टन की वृद्धि होगी। योजना के अनुसार, 18 मीटर गहराई वाले दो नए बर्थ विकसित किए जाएंगे, जिन पर 2.5 लाख डीवीटी तक के बड़े माल ढुलाई जहाज ठहर सकेंगे।

## शेयर बाजार में अगले हफ्ते दो कंपनियों के निवेशकों की लग सकती है लॉटरी

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए खुशखबरी है। 6 मार्च को दो प्रमुख कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर जारी करेंगी। ये कंपनियां हैं एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक। बोनस शेयर आम तौर पर निवेशकों को रिवॉर्ड देने और शेयर की लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए जारी किए जाते हैं। दोनों कंपनियों ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय कर दी है।

फाइनेंस सेक्टर की कंपनी एलकेपी फाइनेंस ने 4ः1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि अगर निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 4 अतिरिक्त शेयर मुफ्त मिलेंगे। इस तरह कुल शेयरों की संख्या पांच हो जाएगी। यह कदम निवेशकों के लिए लंबे समय में लाभदायक साबित हो सकता है क्योंकि शेयरों की संख्या बढ़ने से




भविष्य में मिलने वाले डिविडेंड का पैसा भी बढ़ता है। आईटी सेक्टर की सिल्वर टच ने भी 1ः1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है।

यानी अगर किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 1 और मुफ्त में मिलेगा। इसके लिए भी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च निर्धारित किया गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि बोनस शेयर से शेयर की कीमत में समायोजन होता है, लेकिन लंबी अवधि में यह निवेशकों के लिए फायदे का सौदा है। यदि कोई निवेशक इन बोनस शेयरों का लाभ उठाना चाहता है, तो उसे 6 मार्च से पहले इन कंपनियों के शेयर अपने पोर्टफोलियो में रखने होंगे। बाजार में इस सप्ताह इन दोनों कंपनियों के शेयरों में हलचल देखने को मिलेगी, क्योंकि निवेशक इस मौके का फायदा उठाने के लिए खरीदारी करेंगे।

## होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर, वैश्वि तेल आपूर्ति पर खतरा

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों और इसके जवाब में ईरान की प्रतिक्रिया ने होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। यह मार्ग खाड़ी देशों और भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों के लिए बेहद संवेदनशील है।

आंशिक नाकाबंदी ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है, और कई टैंकरों ने रास्ता बदल दिया या लंगर डाल दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार बड़ी तेल कंपनियों और ट्रेडिंग हाउसेज ने सुरक्षा कारणों होरमुज़ मार्ग से कच्चा तेल, ईंधन और स्र्ह्लत की ढुलाई रोक दी है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, कम से कम 11 बड़े एनएनजी टैंकरों ने अपनी गति धीमी कर दी या वापस मुड़ गए। ओमान के तट के पास तेल टैंकरों की कतारें लग गई हैं, जिससे सप्लाई चेन बाधित हो रही है। भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश जैसे इराक, सऊदी अरब, यूएई और कुवैत इस मार्ग पर निर्भर हैं। अगर बाधा लंबी खिंचती है, तो भारत की रिफाइनरियों में कच्चे तेल का स्टॉक कम हो जाएगा। इससे आयात लागत बढ़ सकती है और लंबे समय में आम जनता की जेब और व्यापार घाटा प्रभावित हो सकता है।

## भारतीय बाजार में बढ़ा जोखिम

**मुंबई ।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान के कई शहरों पर सैन्य हमला किया। तेहरान में तबाही के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इस अचानक हुए हमले के चलते वैश्विक बाजारों में घबराहट फैल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें हैं। मिडिल ईस्ट तनाव के चलते सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे तेल महंगा होगा। महंगा क्रूड आयात भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें उछाल सकती हैं।

**रिपोर्ट** - सरकार से सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को करने की मांग

## सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ।

बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है।



दैनिक विजय मत

www.vijaymat.com

रायपुर, सोमवार 02 मार्च 2026



## सार समाचार

### मुख्यमंत्री साय ने राज्यपाल श्री रमेन डेका को जन्मदिन की दी शुभकामनाएँ



**विजय मत/रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज लोकभवन पहुँचकर राज्यपाल रमेन डेका को उनके जन्मदिन के अवसर पर आत्मीय शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका को पुष्पगुच्छ, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक ढोकरा शिल्प की आकर्षक कलाकृति तथा शॉल भेंट किया। उन्होंने राज्यपाल रमेन डेका के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन तथा दीघार्यु की कामना की।

### होली के पूर्व जरूरतमंदों को स्वेच्छानुदान राशि वितरित, विधायक पुरंदर मिश्रा का सराहनीय कार्य



**विजय मत/रायपुर।** होली के पावन पर्व के पूर्व आज जगन्नाथ मंदिर स्थित परिसर में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा जरूरतमंद भाई-बहनों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक मिश्रा ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और सेवा भावना का प्रतीक है। इसी भावना के साथ जरूरतमंद परिवारों के बीच सहयोग राशि प्रदान कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया गया है।उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि का वास्तविक दायित्व है। त्योहार तभी सार्थक होते हैं, जब समाज का हर वर्ग उसमें सहभागी बने और खुशियां साझा करे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए विधायक मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में विधायक पुरंदर मिश्रा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह होली सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली के रंग भर दे तथा समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ करे।

### केटीयू में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**विजय मत/रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (केटीयू) में होली मिलन समारोह उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। जनसंचार विभाग के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के संचार सभागार में हुई, जहां विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

जीवन में परिवर्तन दिखने लगेगा,रोज पढ़ें रामचरित मानस की एक चौपाई

# जिसने प्रभु के स्वभाव को जान लिया वह प्रभुमयी हो जाएगा : दीदी मां मंदाकिनी

**विजय मत/रायपुर**

हम मंदिर जाते हैं इसलिए कि बस प्रभु के दर्शन करने हैं,लेकिन उन्हे पाने के लिए जो पुरुषार्थ चाहिए उसके लिए हमें अपने जीवन में भगवान श्रीराम को बसाना होगा। कथा श्रवण करने के लिए जहां भी जाते हैं तो एक जिज्ञासा रहती है कि प्रभु को हम कैसे पा लें,कैसे अपना बना लें? आत्मचिंतन के जिस मार्ग पर हम चल रहे हैं देखें वहां हमारी भक्तिसाधना कहां तक पहुंची है। ये जो सूक्ष्म नेत्र हैं जिसके द्वारा हम संसार को देख रहे हैं। ये नेत्र ईश्वर को देखने के लिए श्रेष्ठ हैं कि नहीं या उनके दर्शन के लिए विशेष ब्रम्ह मार्ग की आवश्यकता होगी। यदि हमने अपने सूक्ष्म नेत्रों से प्रभु को देख लिया तो समझो प्रभु से परिचय हो गया। अब प्रभु के स्वभाव को जानने



का अवसर मिल गया तो हम निश्चित रुप से प्रभुमयी हो जायेंगे। भक्ति रस में ऐसे डूब जायेंगे कि कोई संदेह नहीं। ये भगवान शंकर का दावा है कि क्योकि बचपन में भगवान श्रीराम का उन्होने दर्शन किए थे तब से उनके भक्त हो गए और बाद में हनुमान का अवतार लेकर पूरे समय श्रीराम की सेवा की।

सिंधु भवन शंकरनगर में आयोजित श्रीराम कथा में मानस मर्मज्ञ दीदी मां मंदाकिनी ने बताया कि भौतिक जीवन में हम सब के पास कुछ न कुछ काम हैं,लेकिन कुछ समय तो प्रभु के लिए निकालें। यदि अभी तक मानस को अपने जीवन में स्थान नहीं दिया है तो देकर देखिए। रामचरित मानस की एक चौपाई ही सही रोजाना सुबह पढ़ लें देखिए अपने जीवन में परिवर्तन स्वंय महूसस करेंगे। इसीलिए रामकिंकर जी महाराज ने मानस के एक ग्रंथ से 100 ग्रंथों का निर्माण किया है कि ताकि जनमानस आसानी और सरल तरीके से उसे समझ सकें।

हर व्यक्ति चाहता है कि जो हम चाहते है वह ईश्वर करें और संकट उस समय शुरू होता है जब व्यक्ति जो चाहता है और ईश्वर वह नहीं करते हैं। प्रभु से जो सच्चा प्रेम करते है वह उनकी जरुर सुनते है। माता सीता से अब की नारियों को सिखना चाहिए कि पति का आदर कैसे करें ? जब 14 वर्ष वनवास के दौरान एक गांव में पहुंचे थे तब वहां की किशोरियों ने माता सीता को घेर लिया और उन पर सवालों की झड़ी लगा दी। आप लोग अपना परिचय दें,माता सीता ने सबसे पहले लक्ष्मण का परिचय कराया कि ये मेरे देवर है और जो सामने मुझे देख रहे है वह उनके बड़े भाई है। जब राम जी का परिचय देने लगीं तो माता सीता ने अपनी साड़ी का पल्लू ठीक किया और सिर को पूरा ढककर उनका परिचय दिया। इससे यह जानें कि हिन्दु धर्म में पत्नियां अपने पति का नाम नहीं लेती है और उनके सामने सिर पर ढककर रहती है,अब की बात वे नहीं कह सकतीं।

### श्रीराम तब तक सीताजी से बंधे थे जब तक उनके सिर पर घूंघट नहीं था

किशोरियां भगवान राम का परिचय ही प्राप्त नहीं करना चाहती है बल्कि वे यह भी देखना चाहती थीं कि उनसे कैसे जुड़ सकती है-उनके दर्शन कर सकती हैं। प्रसंगवश दीदी मां ने यह बताया कि श्रीराम तब तक सीताजी से बंधे थे जब तक उनके सिर पर घूंघट नहीं था जैसे ही हुआ वे भक्तों के हो गए। भक्तों की भक्ति में इतना प्रेम होता है कि वे भगवान को भी बांध कर रख सकते हैं। एक वाक्या सुनाते हुए उन्होने कहा कि अगर आप किसी व्यक्ति से आकृष्ट हो गए तो उन्हें जानने के लिए उनका परिचय प्राप्त करना जरुरी होता है और उसके लिए आप हर प्रयास करते हैं। यही बात अगर हमारी आज की युवा पीढ़ी के संदर्भ में कही जाए तो आजकल टच स्क्रीन मोबाइल फोन का जमाना आ गया है। कुछ ही देर लगता है उस व्यक्ति से परिचय करने में क्योंकि फोन नंबर का आदान प्रदान होते ही सारा परिचय सचित्र जीवनी हो जाता है कुछ कहने बोलने की बात ही नहीं।

मुख्यमंत्री साय ने होला मोहल्ला के लिए संगत बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सिख गुरुओं की सीख और बलिदान हम सभी को देती है प्रेरणा : मुख्यमंत्री साय

**विजय मत/रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शाम राजधानी रायपुर स्थित रेलवे स्टेशन गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इस अवसर पर उन्होंने सिख संगत द्वारा आयोजित होला मोहल्ला यात्रा के लिए निःशुल्क बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सिख संगत द्वारा आयोजित इस यात्रा में लगभग 1200 श्रद्धालु 17 बसों, 2 ट्रकों एवं अन्य वाहनों के साथ हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) तथा गुरुद्वारा नानक झीरा साहिब, बीदर (कर्नाटक) के लिए रवाना हुए। यह यात्रा सिख समाज की आस्था, परंपरा और सामूहिक श्रद्धा का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री साय ने संगत को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा का संदेश पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी से जुड़े पवित्र स्थलों पर आयोजित होला मोहल्ला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि साहस, सेवा और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है। सिख गुरुओं द्वारा स्थापित शौर्य और समर्पण की विरासत सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सिख संगत द्वारा लगातार 25वें वर्ष इस भव्य आयोजन का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए सिख समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा सहित सिख समाज के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सुशासन और विकास की नीति पर बढ़ रहा विश्वास

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य सरकार की प्रभावी पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई और विकास कार्यों के विस्तार के परिणामस्वरूप नक्सल-मुक्त बस्तर का सपना तेजी से साकार हो रहा है तथा विकसित छत्तीसगढ़ का स्वरूप स्पष्ट रूप से आकार ले रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महासमुंद जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय 15 सशस्त्र माओवादियों ने आज हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। लोकतंत्र में विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने सुरक्षा, विकास और शांतिपूर्ण जीवन की राह को अपनाया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 9 महिलाएं और 6 पुरुष शामिल हैं, जिन पर कुल 73 लाख रुपये का इनाम घोषित था। हथियारों के साथ उनका आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि भटके हुए युवाओं का विश्वास अब सुशासन, सुरक्षा और विकास की नीति पर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश में नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में निर्णायक कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार केंद्र के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा, आधारभूत अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसरों का तेजी से विस्तार कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का अटल संकल्प भयमुक्त वातावरण के साथ विकसित और सुरक्षित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है, जहां प्रत्येक नागरिक सम्मान और अवसर के साथ जीवन यापन कर सके।

## नेत्रदान से दो जीवन होंगे आलोकित



**विजय मत/ दुर्ग**

नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से दुर्ग के मधुबन नगर निवासी स्वर्गीय दिनेश कुमार जैन के निधन उपरांत उनके नेत्रदान की प्रेरणादायी प्रक्रिया संपन्न हुई। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्राप्त होगी। यह जैन परिवार की संवेदनशीलता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

दिनेश कुमार जैन के निधन के पश्चात उनकी धर्मपत्नी बबिता जैन, पिता शांतिलाल जी गोधा, पुत्र साहिल जैन, डॉ. राहिल जैन, पुत्री खुशबू जैन तथा भाई राजेश, राकेश एवं पूनम जैन की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, चेतन जैन, सपन जैन, प्रभुदयाल उजाला एवं राजीव अग्रवाल मधुबन नगर स्थित निवास पर उपस्थित रहकर नेत्रदान की व्यवस्था संभाली।

लिखित अनुमति शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ. श्रीया पंजवानी,डॉ नीलांजना टोप्पो,डॉ विधि अग्रवाल,डॉ विनम्र झा एवं नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने जैन के निवास स्थान पहुंचकर कॉर्निया संकलित किए। स्वर्गीय जैन के पुत्र डॉ. राहिल जैन ने कहा कि पिता के असामयिक निधन से पूरा परिवार और समाज गहरे शोक में है। ऐसे कठिन समय में नेत्रदान का निर्णय लेना अत्यंत भावुक क्षण था, किंतु गोधा परिवार पूर्व में भी नेत्रदान कर चुका है। समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया गया, जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों का जीवन आलोकित होगा और पिता की स्मृतियां सदैव जीवित रहेंगी।

चेतन जैन ने कहा कि दिनेश जैन समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। कम उम्र में उनके निधन से समाज के सभी वर्गों में शोक की लहर है। ऐसे कठिन समय में परिवार द्वारा लिया गया नेत्रदान का निर्णय निश्चित ही समाज में जागरूकता बढ़ाएगा। नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान मधुबन नगर स्थित निवास पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और नम आंखों से इस पुण्य कार्य के साक्षी बने।

## मार्च माह में 14 दिन ऑफिस बंद रहेंगे और 17 दिन ही काम होगा




**विजय मत/रायपुर**

मार्च महीना शुरू हो गया है और यह महीना ऑफिस वालों के लिए खुशियां लेकर आया है। मार्च के महीने में 4 मार्च को होली, 21 मार्च ईद-उल-फितर, 31 मार्च को महावीर जयन्ती की छुट्टी रहेगी। इस दौरान सभी बैंक, स्कूल, ऑफिस बंद रहेंगे। इसके अलावा 27 मार्च को रामनवमी को स्थानीय छुट्टी रहेगी।

वहीं होली के दूसरे दिन भी सरकारी दफ्तरों में काम नहीं होंगे। सबसे ज्यादा मार्च माह में 14 दिन ऑफिस बंद रहेंगे और इस माह 17 दिन ही काम होगा। क्योंकि मार्च में शनिवार-रविवार की नौ छुट्टियों के अलावा छह त्यौहारों की छुट्टियां हैं, हालांकि इनमें से एक छुट्टी शनिवार में शामिल है। इससे 14 दिन ऑफिसों में ताला रहेगा। वहीं फरवरी व जुलाई माह में शनिवार व रविवार के अलावा कोई अन्य छुट्टियां नहीं हैं, इससे जुलाई माह में सबसे ज्यादा 23 दिन ऑफिस खुले रहेंगे।

## नगर निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन और रामकी कम्पनी के मध्य नेताजी सुभाष स्टेडियम में मैत्री क्रिकेट मैच खेला

मैत्री मैच निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन ने रामकी कम्पनी इलेवन से 126 रनों से जीता

**विजय मत/रायपुर**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग औ? स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा रायपुर में स्वच्छता के लिए सकारात्मक पहल की गयी है.

इसके अंतर्गत आज नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन औ? रामकी कम्पनी इलेवन के मध्य निर्धारित सीमित 10 ओवरों का मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया.



मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट पर 180 रन बनाये, जबकि रामकी इलेवन की टीम मात्र 54 रन बनाकर 126 रनों से पराजित हो गयी. मैच पूरी तरह मैत्रीपूर्ण रहा, जिसमें नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. उन्होंने इसे नगर निगम रायपुर स्वच्छता के लिए सकारात्मक पहल बताया. नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर ने खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर साहू, जोन 1 जोन अध्यक्ष श्री गज्जू साहू, पार्षद श्री राजेश देवांगन, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु,जोन 4 जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर, रामकी कम्पनी के लोकल हेड योगेश कुमार,की मंच पर उपस्थिति में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन की विजेता औ? रामकी कम्पनी इलेवन की उपविजेता क्रिकेट टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाणपत्र प्रदत्त किये.

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के होली न मनाने के बयान पर बिफरी भाजपा

**विजय मत/गरियाबंद**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने होली पर्व के बहिष्कार के ऐलान के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि इससे कांग्रेस का 'सनातन विरोधी' चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। श्री चिमनानी ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष द्वारा होली जैसे पवित्र और उल्लासपूर्ण त्योहार के बहिष्कार के फैसले को निंदनीय और आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह कांग्रेस की सोची-समझी हिंदू विरोधी मानसिकता का हिस्सा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री चिमनानी ने कहा कि भारत देश में होली का पर्व न केवल हर्षोल्लास बल्कि गहरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। ऐसे में कांग्रेस के एक जिम्मेदार पदाधिकारी द्वारा होली के बहिष्कार का ऐलान करना न केवल हिंदुओं की आस्था का अपमान है, बल्कि यह हिंदू त्योहारों के प्रति कांग्रेस की गहरी घृणा का एक और ताजा प्रमाण है। श्री चिमनानी ने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीतिक विषय और मतभेद पूरे साल चलते रहते हैं, लेकिन इन विषयों को हिंदू आस्था और त्योहारों के साथ जोड़ना सर्वथा गलत है। कांग्रेस अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए बार-बार सनातन संस्कृति को निशाना बना रही है। चिमनानी ने कड़े शब्दों में कहा कि कांग्रेस पार्टी को अपने इस कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

80 से अधिक महिला सदस्यों ने विशेष उत्साह और जोश के साथ भागीदारी की

## नगाड़ों की थाप और फूलों की होली के साथ ग्रीन आर्मी का भव्य होली मिलन संपन्न

**विजय मत/भिलाई**

पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय संस्था ग्रीन आर्मी द्वारा फूलों की होली के रूप में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन ऑक्सीजोन गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 200 से अधिक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें 80 से अधिक महिला सदस्यों ने विशेष उत्साह और जोश के साथ भागीदारी की। महिलाओं की ऊर्जा और सहभागिता ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया।



फूलों की खुशबू के साथ जब नगाड़ों की थाप गूंजी तो पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। क्रोक म्यूजिक की धुनों पर सदस्यों ने सामूहिक रूप से गीत गाए और जमकर थिरके। रंग, संगीत और उमंग का ऐसा सुंदर संगम देखने को मिला जिसने सभी को एक परिवार की तरह जोड़ दिया। कार्यक्रम के दौरान हंसी-खुशी, आपसी सौहार्द और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

समारोह की सफलता के लिए पूर्व में सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिन्हें सभी ने पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाया। आयोजन पूरी तरह व्यवस्थित और अनुशासित रहा, जो संगठन की एकजुटता का प्रमाण है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रीन आर्मी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय बदलाव का एक मजबूत संकल्प है।

### बुजुर्गों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया

कार्यक्रम के दौरान ग्रीन आर्मी के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग सदस्यों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। साथ ही विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने सभी सदस्यों के सहयोग और अनुशासन की सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक प्रभावी सामाजिक अभियानों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## जनसंपर्क विभाग में 36 वर्षों तक सेवा देने वाले अपर संचालक जेएल दरियो हुए सेवानिवृत्ति, दी गई विदाई

**विजय मत/रायपुर**

जनसंपर्क विभाग में 36 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद अपर संचालक जवाहर लाल दरियो के सेवानिवृत्ति अवसर पर नवा रायपुर स्थित संवाद के ऑडिटोरियम में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल सहित जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने दरियो को भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम में आयुक्त जनसंपर्क



डॉ. रवि मित्तल ने दरियो की सेवा, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

उन्होंने दरियो को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वस्थ, सुदीर्घ और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

अपर संचालक उमेश मिश्रा ने उनके साथ कार्य के अपने अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि अविभाजित मध्य प्रदेश के इंदौर से जब उनका स्थानांतरण हुआ तो उन्होंने ही कार्यभार ग्रहण किया।

अपर संचालक संजीव तिवारी ने दरियो की सरलता और दायित्वों के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपर संचालक आलोक देव ने दरियो की जीवनी पर प्रकाश डाला।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक-** सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक-** विजय शुक्ला ।

आर.एन.आई. पंजीयन नं.CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997